

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 4 जून 2025 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-9 ■ वर्ष -41 ■ अंक-067 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 5 जून 2025 ■ मूल्य-1.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### बुजुर्ग को जिंदा जलाकर उतारा मौत के घाट

**कवर्धा,4 जून।** कवर्धा जिले में अपराध का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. सिंघनपुरी गांव के बामी में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है, जहां एक 70 वर्षीय बुजुर्ग झड़ी साहू को देर रात जिंदा जलाकर मौत के घाट उतार दिया गया. जानकारी के अनुसार, बुजुर्ग अपने घर के बाहर सो रहे थे, तभी अज्ञात हमलावर ने उन पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी. जब तक आसपास के लोग कुछ समझ पाते, तब तक बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो चुकी थी. यह घटना तीन दिनों में तीसरी हत्या है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है. स्थानीय लोग बेहद डरे हुए हैं और लगातार बढ़ते अपराधों को लेकर नाराज़गी जता रहे हैं. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, और मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है. हत्यारे की तलाश की जा रही है.

### आबकारी घोटाला मामले में अनवर-अनिल को मिली जमानत

**रायपुर/प्रयागराज,7 जून।** आबकारी घोटाले मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार कारोबारी अनवर ढेबर और पूर्व IAS अधिकारी अनिल टुटेजा की गिरफ़्तारी को अवैध घोषित कर दिया है। ढेबर और टुटेजा के खिलाफ उत्तर प्रदेश में में दर्ज FIR में हुई है। जिसे अब हाई कोर्ट ने अवैध करार दे दिया है। कारोबारी अनवर ढेबर और पूर्व IAS अधिकारी अनिल टुटेजा छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज सिद्धार्थ वर्मा और मदन पाल सिंह की पीठ ने मेरठ में दर्ज FIR में ज़मानत दे दी है। पीठ ने कहा कि, गिरफ़्तारी ज्ञापन में याचिकाकर्ताओं की गिरफ़्तारी के आधार के लिए कोई कॉलम नहीं था। उन्हें न तो गिरफ़्तारी के आधार के बारे में बताया गया था और न ही गिरफ़्तारी के कारणों के बारे में।

### देहरादून में भाजपा युवा नेता की गोली मारकर हत्या

नैनीताल,4 जून। देहरादून के प्रेमनगर इलाके में मंगलवार आधी रात को भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित नेगी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उस समय वह अपने दोस्तों के साथ पड़ोस में खाना खाने के बाद घर लौट रहे थे। हमलावर चौराहे पर इंतजार कर रहे थे और जैसे ही उन्होंने उनकी कार देखी, उन्होंने गोलियां चला दीं। नेगी और मुख्य आरोपी के बीच कथित तौर पर उनके एक दोस्त के दूसरे समुदाय की लड़की से संबंध को लेकर फोन पर झगड़ा हुआ था। पुलिस ने बताया कि नेगी और उसके छह दोस्त दो कारों में दूसरे दोस्त के घर डिनर के लिए गए थे। वह गाड़ी चला रहा था, तभी मुजफ्फरनगर के आरोपी अजहर त्यागी और उसके अज्ञात परिचित ने उसे गोली मार दी।

### युक्तियुक्तकरण का मामला हाईकोर्ट पहुंचा

**बिलासपुर,4 जून।** छत्तीसगढ़ में युक्तियुक्तकरण मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश को 34 शिक्षकों और संघ अध्यक्ष संजय तिवारी ने चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन कर काउंसलिंग की जा रही है। उन्हें अपील करने का मौका भी नहीं दिया जा रहा उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 309 और भर्ती नियम 2019 का हवाला देते हुए कहा कि बिना किसी संशोधन के यह आदेश जारी कर दिया गया है, जो विधिसम्मत नहीं है। याचिका में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है। साथ ही, याचिकाकर्ताओं ने कलेक्टर को नोडल अधिकारी बनाए जाने पर भी आपत्ति जताई है।



## साय कैबिनेट की बैठक : लिए जा सकते हैं अहम फैसले

**रायपुर,4 जून।** रायपुर में साय कैबिनेट की बैठक शुरू हो गई है। मीटिंग में कई अहम फैसले लिए जा सकते हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बैठक चल रही है। बैठक अटल नगर नवा रायपुर स्थित मंत्रालय (महानदी भवन ) में आयोजित की गई है। यह साय कैबिनेट की 29वीं बैठक है, जिसमें कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। 14 मई को हुई साय कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए थे। राज्य के सरकारी स्कूलों में शिक्षा गुणवत्ता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत कमजोर रिजल्ट वाले स्कूलों की नियमित मॉनिटरिंग अलग-अलग विभागों के अधिकारी और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से की जाएगी। इसके अलावा प्रदेश के साहित्यकारों और कलाकारों को दी जाने वाली पेंशन को 2000 रुपए से बढ़ाकर 5000 रुपए प्रति माह कर दिया गया था। साथ ही औद्योगिक विकास नीति में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी।

## मतदान रुझान अब हर दो घंटे में अपडेट होंगे

**नई दिल्ली,4 जून।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान प्रतिशत रुझानों की रिपोर्टिंग प्रणाली को तकनीकी रूप से उन्नत करने की घोषणा की है। अब मतदान के दिन हर दो घंटे में पीठासीन अधिकारी एसीनेट ऐप के माध्यम से रीयल-टाइम में डेटा अपडेट करेंगे। इस नई व्यवस्था से मतदान रुझनों में देरी की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी और आम जनता को समय पर सटीक जानकारी मिल सकेगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में की गई इस पहल का उद्देश्य पारदर्शिता और सूचना की गति को बढ़ाना है। एसीनेट ऐप के माध्यम से एकत्रित आंकड़ों को हर दो घंटे में वीटीआर ऐप पर अपडेट किया जाएगा, जिससे मतदाताओं, राजनीतिक दलों और मीडिया को ताजा आंकड़े मिलते रहेंगे। अब तक मतदान प्रतिशत की जानकारी मैन्युअली सेक्टर अधिकारियों द्वारा फोन कॉल, मैसेज या एसएमएस के जरिए भेजी जाती थी। वीटीआर ऐप पर डेटा अपलोड में 4–5 घंटे या उससे अधिक की देरी हो जाती थी। अब पीआरओ हर दो घंटे में एसीनेट ऐप पर आंकड़े दर्ज करेंगे। मतदान समाप्ति के बाद पीआरओ केंद्र छोड़ने से पहले ऐप में अंतिम डेटा दर्ज करेंगे। नेटवर्क न होने पर भी डेटा ऑफलाइन दर्ज कर लिया जाएगा और बाद में सिंक होगा। निर्वाचन नियम 1961 के नियम 49S के अनुसार, मतदान के बाद पीठासीन अधिकारी अब भी उम्मीदवारों के एजेंटों को फॉर्म 17C में मतदान का विवरण देंगे। यह कानूनी आवश्यकता बरकरार रहेगी, लेकिन डिजिटल प्रक्रिया इसे पूरक और तेज़ बनाने का कार्य करेगी। इस डिजिटल परिवर्तन की शुरुआत आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से की जाएगी, जहां वीटीआर और एसीनेट सिस्टम एकीकृत रूप में काम करेंगे। इससे न केवल रिपोर्टिंग प्रक्रिया अधिक तेज़ और सटीक होगी, बल्कि चुनाव आयोग की पारदर्शिता और जवाबदेही की प्रतिबद्धता भी और मजबूत होगी। इस पहल को चुनावी प्रक्रिया में एक बड़ा तकनीकी सुधार माना जा रहा है, जिससे मतदान प्रतिशत को लेकर फैली आशंकाएं और भ्रम की स्थिति खत्म होगी।

## कांग्रेस नेता बृजमोहन सिंह गिरफ्तार

**भिलाई,4 जून।** ऑपरेशन सिंदूर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कांग्रेस नेता बृजमोहन सिंह द्वारा फेसबुक पर अभ्रद टिप्पणी करने का मामला सामने आया है. सोशल मीडिया पर 10 मई को किए गए कांग्रेस नेता के पोस्ट से आहत होकर भाजपाइयों ने वैशाली नगर थाने पहुंचे. पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज करने के बाद देर रात बृजमोहन सिंह को हिरासत में लिया है. बृजमोहन सिंह की गिरफ्तारी को लेकर भिलाई के जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में कांग्रेसी नेताओं ने इसका विरोध किया. पूर्व विधायक अरुण वोरा भी मौके पर पहुंचे. लेकिन पुलिस ने सोशल मीडिया में टिप्पणी के खिलाफ गैर जमाबंदी धाराओं के तहत बृजमोहन सिंह पर कार्रवाई की है. दरअसल, सोशल मीडिया में ईश्वर दुबे नाम के व्यक्ति की पोस्ट पर कमेंट करते हुए बृजमोहन सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी को लेकर गालियां और अभद्र टिप्पणियां की थी. पोस्ट के कमेंट में पाकिस्तान से युद्ध के दौरान रण छोड़ने की बात कही गई. वहीं बृजमोहन ने अपने फेसबुक अकाउंट से 10 मई को एक पोस्ट किया. इसमें भी ऑपरेशन सिंदूर को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की गई. भाजपा नेता शारदा गुप्ता के नेतृत्व में तीन अलग-अलग स्थानो में इसकी शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने के बाद देर रात बृजमोहन सिंह को गिरफ्तार कर लिया.

## पुल से टकराई कार, मां-बेटे की मौत

**धमतरी,4 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में एक सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई। जबकि पिता गंभीर रूप से घायल है। बेटा जयकांत देवांगन (26) अपनी मम्मी पापा को लेकर एक शादी समारोह में दुर्ग गया था, मंगलवार रात लौटते समय उनकी कार पुल की दीवार से टकरा गई। मामला सिहावा थाना क्षेत्र का है। टांगापानी और घोरागांव के बीच स्थित पुल पर यह हादसा हुआ। जानकारी के मुताबिक, बेटा कार चला रहा था, पिता बगल वाली सीट पर बैठे थे, मां पीछे बैठी थी। टक्कर इतनी तेज थी कि सीट पीछे



खिसक गया और कार के चारों एयर बैग भी खुले फिर भी मां बेटे का सिर फट गया और मौके पर ही मौत हो गई। जयकांत बेलरगांव में एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष रह चुके थे। पिता बर्तन और ज्वेलरी की शॉप चलाते हैं। बताया जा रहा है, घटना के वक्त कार 80-90 की स्पीड में थी। देवांगन परिवार ने 3 महीने पहले ही क्रेटा कार खरीदी थी। कार में अभी भी स्वास्तिक का निशान बना हुआ है। हादसे में कार के सामने का हिस्सा पूरी तरह से डैमेज हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद घायलों को तुरंत नगरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां मां-बेटे को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, पिता की हालत को देखते हुए उन्हें धमतरी रेफर किया गया। पिता त्रिलोक देवांगन के कमर में चोट आई है। उनका इलाज निजी अस्पताल में जारी है। वे शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी हैं, उनकी बर्तन और ज्वेलरी की दुकान है। वहीं, बेटा जयकांत बेलर गांव में एनएसयूआई ब्लॉक का अध्यक्ष रह चुका था। मां प्रेमा बाई देवांगन (44) हाउस वाइफ थीं।

## भारत का प्रतिनिधित्व करके लौटे ओवैसी

**हैदराबाद,4 जून।** ऑपरेशन सिंदूर पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के भारत वापस लौटने के साथ ही हैदराबाद में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के अध्यक्ष और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी के समर्थन में पोस्टर लगाए गए हैं। अपनी यात्रा के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अंतरराष्ट्रीय साझेदारों को 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर भारत की प्रतिक्रिया के बारे में जानकारी दी, तथा प्रमुख देशों के नेताओं के साथ बातचीत करते हुए सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ व्यापक लड़ाई पर प्रकाश डाला।

## बेटी के जन्म पर अनोखा जश्न

**गरियाबंद ■ तरुण छत्तीसगढ़**

ऐसा माना जाता है कि बेटे भाग्य से जन्म लेते हैं, जबकि बेटियां सौभाग्य से। एक वक्त था जब बेटे के जन्म पर परिवार में खुशियां मनती थीं। वहीं बेटियों के जन्म पर मायूसी छा जाती थी। हालांकि वक्त अब बदल गया है। ये 21वीं सदी का भारत है। वक्त बदलने के साथ ही लोगों का अब बेटा-बेटी के बीच भेदभाव करने का नजरिया भी बदल गया है। अब घर में बेटी होने पर खुशियां मनाई जाती है। जी हांङ्क कुछ ऐसी ही सुखद तस्वीर छत्तीसगढ़ के गरियांबद जिले के फिंगेश्वर से आई है। यहां बेटी के जन्म पर अनोखा जश्न मनाया गया। पूरे घर को दुल्हन की तरह सजाया गया। ढोल-नगाड़ों की धुन और फूलों की बारिश के बीच बच्ची और मां का ग्रैंड वेलकम हुआ। दरअसल



गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर में रहने वाले आशुतोष ठाकुर और प्रीति ठाकुर का पहले से एक बेटा है। इन दोनों की इच्छा थी कि इस बार उनके यहां बेटी का जन्म हो। भगवान ने आशुतोष ठाकुर और प्रीति ठाकुर की मन की मुराद पूरी की। प्रीति ठाकुर ने 31 मई 2025 को सुबह 11 बजकर 53 मिनट में परी की तरह दिखने वाली मासूम बेटी को जन्म दिया। दंपत्ति ने बेटी का नाम श्रीवन्या रखा। 3 जून 2025 को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होने के बाद मां-बेटी घर पहुंचे तो घर वालों ने मां-बेटी का ग्रैंड वेलकम किया। घर में बेटी के जन्म होने के बाद पहले आगमन पर घर को दुल्हन की तरह सजाया गया। मां जब बेटी को लेकर घर पहुंचीं तो दोनों का ग्रैंड वेलकम किया गया। ढोल-नगाड़ों की धुन और फूलों की बारिश के बीच मां बेटी का जोरदार स्वागत हुआ। घर की महिलाओं ने मां-बेटी का आरती उतारकर और फुलों की बारिश कर स्वागत किया। इसके बाद जमकर पटाखें फोड़े गए। बच्ची के पिता आशुतोष ठाकुर ने खुद पटाखें फोड़कर खुशियां मनाई। ग्रैंड वेलकम पर मां प्रीति ठाकुर काफी खुश दिखीं। बच्ची की मां कहती हैं कि मैं और पति दोनों इस बार बेटी की जन्म चाहते थें। इसके लिए कई मंदिरों में जाकर भगवान से मैंने बेटी की जन्म की प्रार्थना की थी। आखिरकार भगवान ने हम दोनों की मांग पूरी करते हुए बेटी दिया हैं।

## पाकिस्तानियों ने किया था तीन भारतीयों को किडनैप? ईरान ने सभी को सुरक्षित छुड़ाया

**तेहरान,4 जून।** पिछले महीने ईरान में लापता हुए तीन भारतीय नागरिकों को छुड़ा लिया गया है। यह जानकारी भारत स्थित ईरानी दूतावास ने मंगलवार को तेहरान में मीडिया की खबरों के हवाले से दी। पिछले सप्ताह विदेश मंत्रालय ने कहा था कि वह लापता भारतीयों के मामले में ईरानी अधिकारियों के संपर्क में है। ईरानी दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "तीन लापता भारतीय नागरिक मुक्त करा लिए गए हैं।" उसने कहा, ''ईरान के स्थानीय मीडिया का कहना है कि पुलिस ने ईरान में लापता हुए तीन भारतीयों को ढूंढकर छुड़ा लिया है।'' ये तीनों भारतीय पंजाब राज्य के रहने वाले हैं और मई महीने की शुरुआत में ईरान में लापता हो गए थे। तीनों भारतीय नागरिकों की पहचान हुसनप्रीत सिंह (संगरूर), जसपाल सिंह (एसबीएस नगर), और अमृतपाल सिंह (होशियारपुर) के रूप में हुई है। वे 1 मई को ईरान



पहुंचे थे। तीनों युवकों के परिवार ने भी इस बात की पुष्टि की है कि उन्हें सुरक्षित रिहा करा लिया गया है। हुसनप्रीत की मां बलविंदर कौर ने कहा, "उन्हें पुलिस ने बचा लिया है। मुझे इस बारे में समाचारों से पता चला।" हुसनप्रीत के पिता की मौत हो चुकी है। उनके मामा रमेश शर्मा ने बताया कि परिवारों को सोमवार को उनके बेटे और उसके साथियों से फोन आया, जिनका अपहरण कर लिया गया था।

## भारत ने पाकिस्तान के 9 विमान मार गिराए

**नई दिल्ली,4 जून।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान जाने के बाद भारत ने पाकिस्तान पर अब तक का सबसे बड़ा पलटवार किया। इसकी कल्पना शायद पाकिस्तान ने भी नहीं की होगी। इन जवाबी हमलों में पाकिस्तान को होने वाले नुकसान की जानकारी धीरे-धीरे सामने आ रही है। पहले खबर सामने आई कि भारतीय हमले में 6 पाकिस्तानी लड़ाकू विमान तबाह हो गए। वहीं, अब यह आंकड़ा 9 पर पहुंच गया है। सूत्रों के अनुसार, ऑपरेशन सिंदूर के बाद किए गए मूल्यांकन से पता चला है कि पाकिस्तान के हवाई और जमीनी सैन्य ढांचे को गहरा नुकसान पहुंचा है। ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तानी वायुसेना (पीएएफ) के छह लड़ाकू विमान को गिरे हैं। इसके अलावा दो हाई वैल्यू निगरानी विमान और सी-130 हरक्यूलिस परिवहन विमान को भी मार गिराया गया। वहीं, दस से अधिक सशस्त्र ड्रोन को भी तबाह कर दिया गया।



इससे पहले खबर आई थी कि भारतीय हमले में पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर (PoJK) और पाकिस्तानी पंजाब में हवाई संघर्ष के दौरान छह पाकिस्तानी फाइटर जेट मार गिराए गए थे। इन विमानों को भारतीय ग्राउंड-बेस्ड मिसाइल सिस्टम और हवाई चेतावनी रडारों ने ट्रैक कर ध्वस्त किया था। अब जो नई जानकारी सामने आ रही है उसके मुताबिक, एक इलेक्ट्रॉनिक काउंटरमेजर एयरक्राफ्ट को भारत की लंबी दूरी की स्ट्राइक प्रणाली सुदर्शन से 300 किमी की दूरी पर मार गिराया गया।

## एक और यूट्यूबर निकला गद्दार

**नई दिल्ली,4 जून।** ज्योति मल्होत्रा मामले की जांच के बीच जासूसी के शक में एक और यूट्यूबर को गिरफ्तार किया गया है। खबर है कि उसके ज्योति से भी संबंध हैं। साथ ही वह पाकिस्तान के कई एजेंट्स से भी मिल चुका है। 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत में पुलिस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी के शक में सोशल मीडिया के कई बड़े चेहरों को गिरफ्तार किया है। ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, मोहाली में स्टेट स्पेशल ऑपरेशन्स सेल ने रूपनगर जिले के महलान गांव के जसबीर सिंह को गिरफ्तार किया है। पंजाब डीजीपी गौरव यादव ने जानकारी दी है कि वह जान महल नाम का एक यूट्यूब चैनल चलाता है। उन्होंने बताया कि ऐसा पता चला है कि उसके राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों से संबंध हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, जांच में पता चला है कि जसबीर पाकिस्तानी एजेंट शाकिर उर्फ जट रंधावा से जुड़ा हुआ था। इसके अलावा वह नियमित रूप से हरियाणा की रहने वाली यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा से भी संपर्क में रहता



था। ज्योति को पुलिस ने जासूसी के शक में गिरफ्तार किया है। पुलिस का यह भी कहना है कि पाकिस्तान उच्चायोग में अधिकारी दानिश से भी जसबीर के संपर्क थे। पहले खबरें थीं कि दानिश और ज्योति के बीच भी लगातार संपर्क होता रहा है। पाकिस्तानी अधिकारी को भारत ने बाहर का रास्ता दिखा दिया था।

दिल्ली में दानिश से मिलता था रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस अधिकारी ने बताया है कि दानिश के बुलावे पर जसबीर दिल्ली में पाकिस्तान नेशनल डे कार्यक्रम में भी शामिल हुआ था। यह वह कथित रूप से पाकिस्तानी सेना के अधिकारी और खुफिया गतिविधियों में लगे vloggers से मिला था। जांच में यह भी पता चला है कि सिंह साल 2020, 2021 और 2024 में भी पाकिस्तान गया था। उन्होंने बताया कि उसकी डिवाइस को भी जब्त कर लिया गया है और उसमें पाकिस्तान के कई कॉन्टैक्ट मिले हैं। कहा जा रहा है कि ज्योति की गिरफ्तारी के बाद जसबीर ने कथित तौर पर अपनी बातचीत के रिकॉर्ड मिटाने की कोशिश की थी।

## शनिचरी बाजार में आग से 22 दुकानें खाक

**बिलासपुर,4 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

बिलासपुर के शनिचरी बाजार में बुधवार रात ढाई बजे भीषण आग लग गई। आग की वजह से करीब 22 दुकानें जलकर राख हो गई। शनिचरी बाजार में तेल, कॉस्मेटिक, किराना समेत कई दुकानें आग की चपेट में आई। घटना की सूचना पाकर पहुंची दमकल की संयुक्त टीम ने 3-4 घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बाजार की गलियां तंग होने की वजह से आग पर काबू पाने पुलिस, प्रशासन और दमकल की टीम को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। आग से 50-60 लाख के नुकसान का अनुमान है। जानकारी के मुताबिक दुकान नंबर 5 और 6 से तेज लपटें उठी। मनिहारी सामान की दुकानों में आग फैलने लगी। एसडीआरएफ टीम ने मोर्चा संभाला और सुबह तक राहत-बचाव कार्य जारी रहा, हालांकि, जब तक आग बुझी, दुकानें जलकर खाक हो गईं। शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की आशंका है। दरअसल, शनिचरी मार्केट बहुत सघन है, जहां दमकल की पहुंच नहीं है। घने दुकानों के बीच धधकती आग में नगर सेना के जवानों ने फायर बिग्रेड से पानी की बौछारें मारकर आग को



काबू में करने का प्रयास किया। शुरुआत में दो दमकल की मदद से आग को बुझाने की कोशिश की गई। लेकिन, आग तेजी से फैल रही थी। ऐसे में पहले आग को फैलने से रोका गया, जिसके बाद एक्स्ट्रा दमकल मंगाकर दुकानों में लगी आग बुझाई गई। देर रात से दमकल कर्मी सुबह तक जुटे रहे।

## रूस के मुकाबले यूक्रेन की बढ़ रही ताकत

**मास्को,4 जून।** रूस से बीते ढाई सालों से जंग लड़ रहे यूक्रेन की ताकत में अब इजाफा होता दिख रहा है। बीते सप्ताह ही यूक्रेन ने रूस की सीमा में 5000 किलोमीटर अंदर तक घुसकर मार की थी। यूक्रेन ने ड्रोन को अप्रैल 2026 तक 1 लाख ड्रोन देने का ऐलान किया है। रूस से जंग के बीच यूक्रेन को इतनी बड़ी मदद करके ब्रिटेन ने साफ कर दिया है कि उसका रुख क्या है। ब्रिटेन का कहना है कि ड्रोन्स ने जंग का रुख ही बदल दिया है और इनके जरिए यूक्रेन को बड़ी मदद मिल सकती है। इसलिए हमने ड्रोन्स की सप्लाई में 10 गुना तक इजाफा करने का फैसला लिया है। ब्रिटेन की इस मदद से पहले जर्मनी ऐलान किया था कि वह बड़ी संख्या में यूक्रेन को लॉन्ग रेंज की मिसाइलें देगा। ब्रिटेन उन पश्चिमी देशों में शामिल है, जिसने यूक्रेन को खुलकर मदद की है। अब तक की जंग में तोप, बंदूकों और गोलाबारी की जंग में यूक्रेन को पराजय ही मिली है, लेकिन ड्रोन वारफेयर की मदद से उसने रूस को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। यहां तक कि यूक्रेन के ड्रोन हमलों के बाद से यह चर्चा भी होने लगी है कि क्या भविष्य का वारफेयर ड्रोन से होगा। ऐसे में ब्रिटेन की मदद ने साफ कर दिया है कि वह यूक्रेन को खुलकर मदद देना जारी रखेगा। ऐतिहासिक रूप से ब्रिटेन का रुख रूस के विपरीत ही रहा है। ब्रिटिश सरकार ने कहा कि हम 4.5 अरब पाउंड की सैन्य सहायता यूक्रेन को देने वाले हैं। इसी के तहत हमने यह पैकेज जारी किया है और इसमें मुख्य मदद ड्रोन्स को लेकर होगी। ब्रिटिश रक्षा मंत्री जॉन हेली इसका ऐलान करेंगे। ब्रिटेन का कहना है कि इस साल के अंत तक ही हजारों ड्रोन्स की सप्लाई यूक्रेन को हो जाएगी। इसके बाद अप्रैल तक एक लाख ड्रोन्स का टारगेट रखा गया है। ड्रोन्स के अलावा बड़े पैमाने पर गोला-बारूद भी देने की तैयारी है।

# स्वच्छता दीदियों का शॉल व श्रीफल भेंटकर नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 4 जून।** नगर पंचाय छुरिया में श्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल शामिल हुए। नगर पंचायत अध्यक्ष पटेल ने रानी अहिल्याबाई के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वह एक आदर्श शासक थी। उनके शासनकाल में मालवा राज्य में शांति और समृद्धि का माहौल था। उन्होंने अपने राज्य में शिक्षा और संस्कृति को विशेष महत्व दिया। सभी ने रानी अहिल्याबाई के आदर्शों अपनाने का संकल्प लिया। इस दौरान उपस्थिति लोगों ने रानी अहिल्याबाई के योगदान को याद किया और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल ने स्वच्छता दीदियों को श्रीफल एवं शॉल भेंटकर सम्मानित किया। और उन्होंने कहा कि नगर में पहली बार समाज में महिलाओं को आगे लाने के लिए सेना का गठन किया गया। उन्होंने सभी स्वच्छता दीदियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत सीएमओ अजयसिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष भूषण नेताम, पार्षद गौरी सिन्हा, ललिता कुम्भकार, सलूजा कोमरे, बिन्दू साहू, भावना ठाकुर, सहित पार्षदगण एवं नगर पंचायत अधिकारी, कर्मचारी, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## भोलापुर में जल संरक्षण के लिए बनाए जा रहे तालाब से गांव में बढ़ेगा भूमिगत जल स्त्रोत : संजय सिन्हा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया, 4 जून।** छुरिया विकासखंड के सबसे बड़े ग्राम पंचायत भोलापुर में कलेक्टर राजनांदगांव, जिला सी. ई.ओ. राजनांदगांव जनपद पंचायत के सी. ई. ओ. होरीलाल साहू के मार्ग निर्देशन में छुरिया विकासखंड के भोलापुर में 9.62 रुपए की लागत से तालाब गहरीकरण कार्य कराया जा रहा है, जिसका निरीक्षण संजय कुमार सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, प्रकाश मोटघरे जनपद सदस्य ने मौके का निरीक्षण किया कार्यस्थल में 267 मजदूर कार्य कर रहे थे, उसके पश्चात सिन्हा व मोटघरे ने 15 वे वित्त मद से नाली निर्माण और मंच निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन भी किया गया। इसके अतिरिक्त छुरिया विकासखंड के अनेकों गांवों में गिरते भूमिगत जल स्त्रोत को बढ़ावा देने के लिए जनपद पंचायतें के जुड़े सभी विभागीय अमलों ने सतत प्रयास कर रहे है, कि वर्षा के जल को कैसे संरक्षित करे इस ओर सरपंच, सचिव, रोजगार सहायकों सहित बिहान के दीदीयों को मास्टर ट्रेनर के द्वारा प्रशिक्षित भी किया जा रहा है, इस महत्ती अभियान में जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा उनके सभी सदस्यों ने लगातार जल संरक्षण के लिए हो रहे बोरी बंधान, वाटर हार्वेस्टिंग जैसे कार्यों में उनकी सहभागिता सुनिश्चित किए हुए है। सिन्हा ने लगातार सभी शासकीय मंचो में किसान भाइयों को रबी के सीजन में धान की फसल न लेने की भी अपील कर रहे है। इस अवसर पर सरपंच चमेली बाई नेताम, शीशपाल साहू, रुखम पांडे, पूर्व सरपंच, प्रभु साहू सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मोर गांव-मोर पानी अभियान: ग्राम पदुमतरा में प्रथम प्रशिक्षण सम्पन्न

**राजनांदगांव, 4 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के लिए शासन के मोर गांव-मोर पानी अभियान के तहत प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत आने वाले ग्राम पदुमतरा संकुल के 32 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, ग्राम संगठन के पदाधिकारी, एनआरएलएम, करारोपण अधिकारी, क्षेत्रीय समन्वयक, सीएलएफ कृषि सखी, पशु सखी एवं समुह के सदस्यों को जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी नरेन्द्र कुमार तथा सहायक नोडल अधिकारी पिंकी देवांगन द्वारा जल संरक्षण के लिए प्रोजेक्टर के माध्यमों से पानी की संरक्षण के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

### स्कूल बसों की जांच 12 जून को

**राजनांदगांव, 4 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार जिला सुरक्षा समिति अंतर्गत एवं स्कूल सत्र शुरू होने के पूर्व स्कूल बस के रूप में पंजीकृत सभी स्कूल बस वाहनों की 16 बिन्दुओं तथा वीएलटीडी एवं पैनिक बटन की जांच 12 जून 2025 को सुबह 9 बजे से पुलिस रक्षित केन्द्र राजनांदगांव में की जाएगी। सभी स्कूल बस संचालकों को स्कूल बस एवं वर्दी सहित चालक व परिचालक वर्दी की निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित सुनिश्चित कराने कहा गया है। नियत तिथि को वाहन जांच हेतु प्रस्तुत नहीं करने पर वाहन अनफिट मानकर ब्लैक लिस्ट की कार्रवाई की जाएगी।

### लिखित एवं कौशल परीक्षा 16 जून को

**राजनांदगांव, 4 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन राजनांदगांव अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में मानव संसाधन की पूर्ति हेतु 33 प्रकार के पदों पर भर्ती के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर प्रावधिक मेरिट सूची एवं लिखित व कौशल परीक्षा के साथ दस्तावेज सत्यापन हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। जारी सूची का अवलोकन राजनांदगांव जिले की वेबसाईट पर किया जा सकता है। लिखित एवं कौशल परीक्षा का आयोजन 16 जून 2025 को किया गया है। परीक्षा का स्थान एवं समय-सारणी पृथक से राजनांदगांव जिले की वेबसाईट पर उपलब्ध कराई जाएगी।

### आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव, 4 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत जिले के आपदा प्रभावितों एवं उनके परिजनों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके अंतर्गत डोंगरगढ़ तहसील में तालाब के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख, आग से एक जनहानि होने पर 4 लाख एवं सर्पदंश से एक जनहानि होने पर 4 लाख, छुरिया तहसील में अतिवृष्टि से 6 मकान आंशिक क्षति होने पर 24 हजार रूपए, अतिवृष्टि से मकान व कपड़ा-बर्तन क्षति होने पर 6500 रूपए एवं अतिवृष्टि से एक पशुकोठा क्षति होने पर 3 हजार रूपए, की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### भाजपा नेता ने महिला को बेदम पीटा, कांग्रेस ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

# मार से कराह उठी पीड़िता पर ही संगीन धाराओं में एफआईआर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला, 4 जून।** खड़गांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भावसा में भाजपा कार्यकर्ता के द्वारा एक महिला की बेदम पिटाई करने का बड़ा मामला सामने आया हैं। जहां भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रवीण मंडावी ने गांव की महिला जनक सिंघारे को बेरहमी से मारपीट किया है जिसके बाद पुलिस ने भाजपा नेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए पीड़ित महिला को भी कई धाराओं के तहत आरोपी बनाया है। उक्त मामले में जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा जांच दल का गठन किया गया था जिन्होंने गांव पहुंचकर कर घटना कि वस्तुस्थिति का जायजा लिया एवं मोहला में पीड़िता के साथ प्रेस वार्ता कर आरोपी के ऊपर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही गई हैं। कांग्रेस ने भाजपा शासन में पुलिस प्रशासन के नियत पर भी सवाल उठाया है।

पीड़िता को पुलिस ने किया परेशान, रिपोर्ट लिखने के लिए करते रहे गुमराह- पीड़िता जनक सिंघारे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस मे बताया कि 22 मई को ग्राम भावसा निवासी भाजपा के जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत भावसा के उपसरपंच प्रवीण मंडावी ने बच्चों के लड़ाई के मामले मे।घर मे घुस कर बेदम पिटाई की घटना के बाद जब पीड़िता थाने में फरियाद लेकर पहुंची तो सहायक उप निरीक्षक प्रहलाद वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करने से मना कर दिया। विवेचक ने समझौता करने हेतु दबाव बनाने लगा। पीड़िता को स्वयं के मोटरसाइल में डॉक्टरी मुलाहिजे के लिए मोहला समुदायिक अस्पताल लाया गया। पीड़िता ने बताया कि वहां लगातार तीन दिन तक लगातार थाना जाने के बाद पुलिस ने 25 मई को रात 8.42 बजे रिपोर्ट दर्ज किया। जिसमें आरोपी के ऊपर बी एन एस की धारा 332 (सी), 296, 115 (2), 351 (2) के तहत कार्यवाही किया गया। परन्तु आज तक गिरफ्तारी नहीं किया गया है।

भाजपा की करनी एवं कथनी में अंतर-मोहला मानपुर के विधायक इंद्र शाह मंडावी ने प्रेस वार्ता में कहा कि भावसा में घटित घटना भाजपा के महिलाओं के प्रति सम्मान और सिंदूर की रक्षा जैसे उतावला बातों को आईना दिखाने का कार्य कर रही है। एक अधेड़ उम्र की महिला को उसके घर से बालों को खींचते हुए घसीटकर सार्वजनिक स्थान गली में निकालकर लहूलुहान होते तक बेदम मारपीट करना, सार्वजनिक स्थान पर गाली गलौज करना, महिला का सम्मान हिन्दू रीति नीति में उसकी चूड़ी से किया जाता है किन्तु एक महिला के चूड़ी टूटते तक मारना और उसे जलील करना भाजपा के महिला सम्मान के प्रति दिखावटी सोच को तार तार करती है। हर महिला में एक मां, एक बहन, एक पत्नी समाई हुई है परन्तु उन्हें बेइज्जत किया जा रहा है और भाजपा की शासन एवं प्रशासन इस मामले में केवल चुप्पी साध कर बैठते हुए आरोपी को बचाने मे लगा हुआ है।



#### बाल खींचकर घर से निकाला

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुरजीत ठाकुर के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित के गांव का दौरा किया एवं उनसे मुलाकात कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। घटना को लेकर बताया कि उक्त आरोपी प्रवीण मंडावी ने पीड़ित को पहले गाल पर मारा फिर बाल खींचकर जमीन पर घसीट लातों से मारा और लगभग 25 फीट तक घसीटा गया है। पीड़िता की बहुएं ने रोकने का प्रयास किया तो उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। आरोपी पीड़िता के परिवार को भी डराने धमकाने का कार्य कर रहा है। इस प्रकरण में पुलिस कछुआ चाल से कार्य कर रही है। पुलिस ने पीड़िता पर ही प्राथमिकी दर्ज कर परेशान कर रहा है। पुलिस ने पर्याप्त धारा नहीं जोड़ा है साथ ही अभी तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया हैं।

प्रेस वार्ता में महिला ब्लॉक कांग्रेस मोहला के अध्यक्ष मीणा मांझी, महामंत्री लता साव, राजेंद्र जुरेशिया, अब्दुल खलीक, महेश कुंजाम, अजय राजपूत, प्रेमदास मंडावी, देवानंद कौशिक, हरीश सिन्हा सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पीड़िता के परिजन एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## केन्द्रीय भू-जल शक्ति मंत्री ने राजनांदगांव में जल संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की



- सीआर पाटिल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से देश भर में वर्षा जल संरक्षण के संबंध में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 प्रमुख जिलों के प्रस्तुतिकरण का किया अवलोकन
- कलेक्टर ने राजनांदगांव जिले का प्रस्तुतिकरण देते हुए जल संचय से जनभागीदारी के संबंध में दी जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 4 जून।** केन्द्रीय भू-जल शक्ति मंत्री भारत सरकार सीआर पाटिल आज नई दिल्ली से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश भर में वर्षा जल संरक्षण के संबंध में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 प्रमुख जिलों के प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह शामिल हुए। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने राजनांदगांव जिले का प्रस्तुतिकरण देते हुए बताया कि जल संचय से जनभागीदारी अंतर्गत वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक जल संरक्षण के लिए विशेष तौर पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने जल संरक्षण के लिए तकनीकी बिंदुओं की जानकारी दी। जिले में जल संरक्षण के लिए बनाए जा रहे जलीय संरचना के संबंध में बताया। केन्द्रीय भू-जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने राजनांदगांव जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण के लिए किए गए प्रयासों एवं कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिले में जल संरक्षण की दिशा में जज्बे के साथ कार्य किया जा रहा है। वहीं महिलाओं में जल संरक्षण के लिए जागरूकता है और उपलब्ध संसाधनों के अनुरूप जल संरक्षण किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि देश भर में वर्षा जल संरक्षण के संबंध में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिन्हांकित 10 प्रमुख जिलों से जल संरक्षण की दिशा में किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली गई।

## प्रशिक्षण में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के तकनीकी पहलुओं की दी गई जानकारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 4 जून।** मोर गांव-मोर पानी महाअभिान भू-जल संरक्षण मिशन जल रक्षा के प्रथम चरण का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आज डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत रूवातला से प्रारंभ किया गया। अध्यक्ष जनपद पंचायत लता सिन्हा ने प्रशिक्षणार्थियों जल संरक्षण के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने सभी को भू-जल रक्षा के लिए शपथ दिलाई। सीईओ जनपद पंचायत डोंगरगढ़ आलोक सातपुते ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के संबंध में विस्तार से बताया। बारिश के पानी को संग्रहित कर भूजल स्तर को बढ़ाने की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में तकनीकी सहायक मनरेगा डोंगरगढ़ आशुतोष वैष्णव एवं प्रवीण गड़पायले द्वारा जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के संबंध में प्रशिक्षणार्थियों को तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तार से दी गई। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन एवं आयुक्त महात्मा गांधी नरेगा से प्राप्त निर्देशानुसार डोंगरगढ़ विकासखण्ड के सभी 100 ग्राम पंचायतों को 4 कलस्टर में विभाजित करते हुए प्रतिभागियों को मोर गांव मोर पानी महाअभियान के तहत ऑफलाईन उन्मुखीकरण प्रशिक्षण प्रदान कराया जा रहा है।

## युक्तियुक्तकरण से जिले की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने किए जा रहे प्रयास : जिला शिक्षा अधिकारी

- शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण किए जाने से शिक्षा की गुणवत्ता में होगी वृद्धि
- समायोजन से शिक्षकों की कमी होगी पूरी
- जिले की शिक्षा व्यवस्था होगी और सार्थक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**राजनांदगांव, 4 जून।** शासन द्वारा शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण किए जाने से शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम भी अच्छा होगा। प्रदेश के विभिन्न स्तर के शालाओं में अतिरिक्त अतिशेष शिक्षकों को अतिरिकत शिक्षकों को युक्तियुक्तकरण किए जाने से विद्यार्थियों को अध्ययन में लाभ मिलेगा। इसी तरह स्कूलों के युक्तियुक्तकरण से फायदा मिलेगा। जिले में युक्तियुक्तकरण हेतु समिति का गठन किया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि राजनांदगांव जिले में शालाओं के युक्तियुक्तकरण में 5 प्राथमिक शाला ऐसे थे। जिन्हें नजदीकी प्राथमिक शाला में समाहित किया गया है। इसके अलावा 645 हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल को 349 स्कूलों में समायोजित किया जा रहा है। प्राथमिक शाला में 246 शिक्षक है। माध्यमिक शाला में 86 शिक्षक, हाईस्कूल में 61 व्याख्याता का युक्तियुक्तकरण किया गया है। युक्तियुक्तकरण स्कूल के साथ-साथ शिक्षकों के लिए इसलिए आवश्यक था, क्योंकि बहुत सारे स्कूल जो शहरी क्षेत्रों में है, वहां दर्ज संख्या के मान से ज्यादा शिक्षक कार्यरत हैं। दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी है। स्कूल युक्तियुक्तकरण एवं शिक्षक युक्तियुक्तकरण में जहां-जहां शिक्षकों की कमी होगी, वहां शिक्षकों की पूर्ति किया जाना संभव होगा। जैसे हाई स्कूल, हाई सेकेण्डरी स्कूल घोटिया में केवल 3 शिक्षक कार्यरत है। हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 27 प्रतिशत, हाईसेकेण्डरी स्कूल का परीक्षा परिणाम 31 प्रतिशत आया है। यदि हम शिक्षकों का समायोजन कर देंगे तो निश्चित रूप से परीक्षा परिणाम में सुधार होगा। शिक्षक युक्तियुक्तकरण से इस कमी की पूर्ति की जा सकेगी और जिले की शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर किया जा सकेगा। विकासखंड शिक्षा अधिकारी छुरिया प्रशांत कुमार चितवरकर ने कहा कि शासन द्वारा युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है, यह छात्रों के हित में लिया गया निर्णय है। शालाओं के युक्तियुक्तकरण के तहत प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला, उच्च माध्यमिक शाला, उच्चतर माध्यमिक शाला को मर्ज किया गया है या कहें कि प्रशासनिक एकीकरण हो रहा है।

### छुरिया में राजगामी की जमीन पर कब्जा, चला बुलडोजर

# 26 अतिक्रमणकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई

- खाली करने के लिए नोटिस जारी कर एक सप्ताह का दिया गया था समय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया, 4 जून।** नगर पंचायत क्षेत्र में राजगामी संपदा की भूमि पर पिछले कई वर्षों से अवैध कब्जा जमाए लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आज बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण ढहा दिया गया। 26अतिक्रमणकारियों के खिलाफकार्रवाई की गई।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छुरिया में राजगामी संपदा की बड़ी भूमि है। बताया जाता है कि यहां कई लोगों ने बाड़ी बनाकर कब्जा किया। इसके बाद अतिक्रमण का दायरा धीरे-धीरे बढ़ाते चले गए और पक्के मकान तक का निर्माण कर लिया गया। राजगामी की इस भूमि पर हुए अवैध कब्जे की शिकायत संबंधित अधिकारियों से की गई। आखिरकार राजगामी संपदा ने नगर पंचायत क्षेत्र छुरिया में स्थित राजगामी की भूमि का सर्वे कराया। यहां खसरा नंबर 442 का टूकड़ा 3880 वर्ग फीट पर बाड़ी बनाकर कब्जा किए जाने की शिकायत सही पायी गई।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजगामी संपदा की भूमि का सर्वे कराने से 26 लोगों द्वारा अतिक्रमण कर बाड़ी व मकान निर्माण किए जाने की शिकायत पायी गई। इसके पश्चात छुरिया तहसील कार्यालय से सभी 26 अतिक्रमणकारियों को गत 25 मई को नोटिस जारी किया गया, जिसमें उन्हें एक सप्ताह अर्थात 2 जून तक अवैध कब्जा हटाने के लिए समय सीमा दी गई। इसके बावजूद अतिक्रमणकारियों ने अवैध कब्जा हटाने में कोई रूचि नहीं दिखाई। आखिरकार आज राजस्व व पुलिस प्रशासन की टीम ने अतिक्रमण पर बुल्डोजर चलाकर उसे ढहा दिया। इस दौरान नायब तहसीलदार विजय साहू, छुरिया थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष भूआर्य, पटवारी कोमा सहित राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

#### रसूखदारों ने भी किया कब्जा, कार्रवाई नहीं

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र में राजगामी संपदा की बड़ी भूमि पर कई रसूखदारों ने भी अवैध कब्जा कर पक्के मकानों का निर्माण कर लिया है। इसकी भी शिकायत राजगामी संपदा के स्थानीय अधिकारियों से कई बार की गई लेकिन राजगामी संपदा की अधिकारियों ने अतिक्रमण करने वाले रसूखदारों के खिलाफअब तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

#### राजगामी संपदा से हटाया गया कब्जा : तिवारी

डिप्टी कलेक्टर व राजगामी संपदा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक तिवारी ने कहा कि छुरिया नगर पंचायत सीमा में राजगामी की भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत मिली थी। आज 26 अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जा हटाए गए। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान विभिन्न ग्रामों में पहुंचा कृषि रथ



**राजनांदगांव 4 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत बनाने एवं खेती को लाभप्रद बनाने के उद्देश्य से विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत छुरिया विकासखंड के ग्राम लाममेटा एवं बोईरडीह, राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम जंगलेसर एवं खैरा, डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम कन्हारगांव एवं शिवपुरी में शिविर का आयोजन किया गया। जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों के दल के साथ एक कृषि रथ एवं पशुधन विकास रथ भी गांव-गांव में पहुंच रही है। रथ के माध्यम से किसानों के उन्नयन हेतु उन्नत कृषि तकनीक, आधुनिक कृषि उपकरणों, केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम जंगलेसर एवं खैरा में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बीज उपचार, जैविक उत्पाद निर्माण की जानकारी दी गई एवं विभिन्न प्रकार के प्रचार-प्रसार सामग्री का वितरण किया गया।

## संपादकीय

# जनता से जुड़ना व जनता को जोड़ना जरूरी

चुनाव पांच साल में किए गए कामों के आधार पर जीता जाता है, पांच साल काम कर जनता को बताया जाता है कि हम दूसरे राजनीतिक दलों से कैसे अलग हैं।हमने दूसरे राजनीतिक दलों की तुलना में जनता की सेवा और बेहतर कैसे की है यह जब मौका मिलता है,जनता से जुड़कर या जनता को जोड़ कर बताना पड़ता है। जनता व देश के लिए हमारी सरकार ने पांच साल में क्या-क्या किया है, बार-बार बताना पड़ता है, तब ही जनता को लगता है कि हां यह काम करने वाली सरकार है, इस सरकार ने काम किया है, इसलिए वह बता रही है कि उसने क्या क्या काम किया है और कौन सा काम सबसे बेहतर किया है।भाजपा व पीएम मोदी दूसरे राजनीतिक दलों से इस मायने में अलग हैं कि वह जब भी कोई मौका जनता को अपने से जोड़ने का आता है,जनता से जुड़ने का आता है वह इसके लिए देशव्पायी आयोजन करती है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरा हो गया यानी मोदी सरकार को ११ साल इसी माह पूरे हो रहे हैं। दूसरे राजनीतिक दलों के लिए सरकार का एक साल पूरा होना भले ही कोई मायने न रखता हो लेकिन पीएम मोदी के लिए यह बहुत मायने रखता है क्योंकि वह ऐसे मौकों का उपयोग हमेशा जनता के पास जाने, उसके जुड़ने व जोड़ने के लिए करते हैं। ऐसा करके वह जनता को हमेशा याद दिलाते रहते हैं कि हमने जनता व देश के लिए क्या किया है तथा आगे आने वाले समय में क्या करने वाले हैं।पीएम मोदी तो खुद रोज किसी न किसी कार्यक्रम के बहाने देश के विभिन्न राज्यों मे जनता से जुड़ते है, उनको अपने से जोड़ते हैं और रोज एहसास दिलाते रहते हैं कि मैं जो कुछ कर रहा हूं आपके लिए कर रहा हूं। वह मन की बात के जरिए हर सप्ताह देश के करोड़ो लोगों से जुड़ते हैं और अपनी मन की बात जनता से कहते हैं। देश में कहीं कुछ अच्छा होता है तो उसकी तारीफ भी वह इस कार्यक्रम में करते हैं। इसके अलावा वह साल में एक बार बच्चों से परीक्षा के पहले जुड़ते हैं।इसके कई तरह की योजनाओं से युवाओं,महिलाओं, किसानों से जुड़ते है.उसे मिलते रहते पूछते रहते हैं कि योजना का लाभ मिल रहा या नहीं मिल रहा है। किसी बड़ी प्रतियोगिता में खिलाड़ी जाते तो वह खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते है, पदक जीतकर आते हैं तो पीएम उनसे मिलते हैं और उनकी पीठ थपथपाते हैं। पीएम खुद तो जनता से रोज जुड़ते है और जनता को खुद से जोड़ते हैं और वह पार्टी के लोगों से भी कहते हैं कि उनको जनता के बीच ज्यादा समय गुजारना चाहिए। इसी के साथ जब भी पार्टी या सरकार का कोई आयोजन होता है तो उसको वह जनता से जुड़ने का मौका बना देते हैं। मोदी सरकार के ११ साल पूरे हो रहे हैं तो पीएम मोदी ने पार्टी को देश भर में संकल्प से सिध्दि अभियान चलाने को कहा है। इस अभियान के तहत पूरे देश में केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाया जाएगा। जनता को बताया जाएगा कि पीएम मोदी ने जनता को चुनावों में जो गारंटी दी थी, वह पूरी कर दी गई है। छत्तीसगढ़ में भाजपा ने २०२३ के विधानसभा चुनाव में मोदी की जिन गारंटियों के भरोसे सत्ता में आई थी,जनता को बताएगी की मोदी ने जो गारंटी दी थी साय सरकार ने उसे पूरी कर दी है। भाजपा व सरकार राज्य की जनता को यह भी बताएगी कि उसने महिलाओं से वादा किया था, एक हजार रुपए प्रतिमाह देने का वह वादा हर माह पूरा किया जा रहा है। किसानों से वादा किया गया था कि उनका धान ३१०० रुपए में धान खरीदा जाएगा,यह काम भी हर साल किया जा रहा है, किसानों को बताया जाएगा। पिछली सरकार के समय जो जो घोटाले सामने आए सबकी जांच कराई जा रही है और जनता को संदेश दिया जा रहा है कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली सरकार नहीं है। हमारी सरकार तो भ्रष्टाचार के रास्ते बंद करने वाली सरकार है, वह भ्रष्टाचार के रास्ते बंद करती जा रही है। साय सरकार पिछली सरकार से इस मायने में अलग है कि पिछली सरकार ने बस्तर के विकास के लिए नक्सलवाद को समाप्त करने गंभीरता से प्रयास नहीं किए। हमारी सरकार बस्तर को नक्सलवाद से मुक्त करने गंभीरता से प्रयास कर रही है और अगले साल तक बस्तर को नक्सलवाद से मुक्त करा लिया जाएगा। साय सरकार जनता को बताएगी कि उसके समय में नक्सलियों का सबसे बड़ा ठिकाना नष्ट कर दिया गया है, हमारे समय में नक्सलियों का सबसे बड़ा नेता मारा गया है। हमारे समय में नक्सलियों के सफाए केलिए सबसे ज्यादा आपरेशन चलाए गए हैं। हमारे समय में सबसे ज्यादा नक्सली मारे गए हैं, हमारे समय में सबसे ज्यादा नक्सलियों ने सरेंडर किया है। संकल्प से सिध्दी से अभियान के दौरान केंद्र सरकार की उपलब्धियों आपरेशन सिंदूर,की सफलता व भारत का विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का खास प्रचार किया जाएगा। क्योंकि यह ऐसी उपलब्धि है जिसे कोई और सरकार कभी हासिल नहीं कर सकी है। इसके अलावा भाजपा व मोदी सरकार के ११ साल में राम मंदिर निर्माण,अनुच्छेद ३७८ की समाप्ति,काशी विश्वनाथ, केदारनाथ और महाकाल कारिडोर निर्माण, वंदे भारत और तेजस ट्रेन,भारत मंडपम, कर्तव्य पथ निर्माण, नए संसद भवन का निर्माण, इसके अलावा नए एयरपोर्ट, भव्य रेलस्टेशनों, सुंदर हाइवेस, सेना का आधुनिकीकरण आदि उपलब्धियों की जानकारी भी जनता को दी जाएगी।इसके अलावा पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस,२१ जून का अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भी भाजपा कार्यक्रमों का आयोजन करेगी तथा २५ जून को आपातकाल की ५० वीं वर्षगांठ पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर देश को याद दिलाएगी कि आपातकाल इस देश के इतिहास का काला अध्याय है। इसे लागू करने वाले लोगों से सावधान करेगी ताकि ऐसे लोगों की सत्ता मे वापस न हो सके। क्योंकि यही लोग आज संविधान की ज्यादा बात करते हैं। लोकतंत्र की ज्यादा बात करते हैं।


**गंभीर समस्या**

# अवांछित तत्वों के कारण असुरक्षित होता यातायात

**निर्मल रानी**



हमारे देश में रेलगाड़ियों व बसों को आम यात्रियों के मुख्य यातायात के साधन के रूप में देखा जाता है। देश के अधिकांश यात्री एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के लिये प्रायः इन्हीं साधनों का इस्तेमाल करते हैं। केंद्र सरकार जहाँ यात्रियों की सुविधाओं के लिये समय समय पर नई,आधुनिक व तीव्र गामी रेलगाड़ियां संचालित करती रहती है वहीं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा भी जनता की सुविधा के लिये बसों के नये बेड़े शामिल करने की ख़बरें आती रहती हैं। परन्तु यात्रियों के आवागमन को सुचारु बनाने की इन कोशिशों के बीच सरकार का ध्यान शायद यात्रियों व उनके सामानों की सुरक्षा पर नहीं पहुँच पाता। यह त्रासदी भी केवल सामान्य, मेल-एक्सप्रेस ट्रेन्स व सामान्य बसों की ही है, जबकि वनदे भारत व शताब्दी जैसी रेलगाड़ियां व वाल्वो सेवा जैसी अन्य मंहगी बस सेवाओं में बेशक यात्रियों की सुरक्षा काफ़ी हद तक बनी रहती है। अधिक किराया वसूलने वाले यातायात के इन माध्यमों में अवांछित लोगों को घुसने ही नहीं दिया जाता। जबकि ठीक इसके विपरीत सामान्य व मेल एक्सप्रेस ट्रेन्स में व सरकारी व ग़ैर सरकारी निजी बसों में कोई भी व्यक्ति किसी भी रूप में घुस सकता है और वह अपनी मर्ज़ी के मुताबिक़ यात्रियों की चिंताओं को बढ़ा सकता है या उन्हें परेशानी में डाल सकता है। यदि हम ट्रेन की बात करें तो भीख मांगने वालों से लेकर भगवा वस्त्र धारण किये लाखों लोग रोज़ाना बिना टिकट के ट्रेन्स में यात्रा करते हैं। गोया इन्होंने भगवा वस्त्र को ट्रेन यात्रा का ी पास समझ रखा है। यह केवल यात्रा ही नहीं करते बल्कि टिकटधारी यात्रियों के लिये बड़ी सिरदर्दी का कारक भी बनते हैं। चलती ट्रेन में गेट पर बैठे रहना तो गोया इनकी आदत में शामिल है ही, इसके अलावा ट्रेन में बीड़ी सिगरेट यहाँ तक कि शराब भी पीते हैं,वाशरूम में गंदगी फैलाते हैं। कोई इन्हें रोकने टोकने वाला नहीं। यदि कोई यात्री इनकी हरकतों पर इन्हें टोके तो यह अवांछित यात्री उसे अपमानित करने पर उतारू हो जाते हैं। हुए है तो कोई नक़ली अँधा व अपाहिज बनकर पैसे मांगता फिरता है तो कोई झाड़ू लेकर सफ़ाई करने के बहाने यात्रियों से पैसे मांगता है। और इन्हीं अवांछित तत्वों में से कोई भी नज़र बचते ही किसी यात्री का सामान लेकर चंपत हो जाता है। तो कोई किसी यात्री को ज़हरखुरानी का शिकार बनाकर उसका सामान भी लूट ले जाता है और उसकी जेबें भी ख़ाली कर जाता है। इसतरह के अवांछित नेटवर्क से जुड़े अधिकांश लोग नशे के आदी होते हैं और यात्रियों से पैसे लूट या वसूलकर



इसी तरह भिखारी, हिजड़े, अनिधकृत वेंडर्स आदि सभी को मुफ़्त रेल यात्रा की खुली छूट मिली हुई है। कोई कान फोड़ू गीत संगीत सुनाकर पैसे वसूलता है तो कोई हिजड़ा मुंह पर तालियां ठोक कर पैसे मांगता है। पैसे न देने पर तो यह किसी किसी यात्रियों को थप्पड़ भी जड़ देते हैं। यदि आप यू पी और बिहार की ओर ट्रेन यात्रा करें तो इस रुट पर भी अनेक महिलाएं व हिजड़े पैसे मांगते नज़र आ जायेंगे। इसी तरह ट्रेन में कोई व्यक्ति किसी जवान लड़की को साथ लेकर उस लड़की के ब्याह के लिये कन्यादान के रूप में पैसे वसूलने को अपना धंधा बनाये जुआ व नशे जैसे व्यसन करते हैं। देश के अनेक बड़े व माध्यम श्रेणी के रेल स्टेशंस पर इन्हें सक्रिय देखा जा सकता है। परन्तु आष्चर्य है कि आम लोगों को तो यह सब नज़र आता है परन्तु सरकार व रेल यात्रियों की सुरक्षा से संबंधित अमले को यह सब दिखाई नहीं देता ? हद तो यह है कि टिकट निरीक्षक जोकि आम इज़्ज़तदार यात्रियों के पास किसी कारणवश टिकट न होने या उपयुक्त टिकट न होने पर उसे अपमानित करने पर उतारू हो जाता है या उसपर जुर्माना ठोक देता है अथवा ट्रेन से नीचे उतरने हेतु उसे बाध्य कर देता है उस टिकट निरीक्षक को भी बेटिकट यात्रा करने व यात्रियों की सुरक्षा हेतु ख़तरा बनने वाले ऐसे संदिग्ध व अवांछित तत्व नज़र नहीं आते ? इसी तरह बसों में भी जहाँ कुछ मेहनतकश लोग पानी, ठंडा,नारियल, कंघी आदि दैनिक उपभोग या खाने पीने की अनेक सामग्रियां बेचकर अपना पेट पालते हैं वहीं इसमें भी कई भिखारी यात्रियों के सर पर कहीं डफ़ली बजाकर पैसे वसूलता है तो कहीं कोई हिजड़ा बसों में घुसकर मुफ़्त यात्रा करते करते लोगों से तालियां बजा बजाकर पैसे मांगता है। यदि आप चंडीगढ़ रुट पर बसों में यात्रा करें तो यह दृश्य आपको अनेक सरकारी व निजी बसों में देखने को मिलेगा। आश्चर्य है कि ड्राइवर कंडक्टर भी इन्हें नीचे नहीं उतारते। धप्पर टोल पर तो कभी कभी हिजड़ों का पूरा झुण्ड सभी लेन्स पर डटकर खड़ा हो जाता है और बसों ही नहीं बल्कि कारों के भी शीशे पीट पीटकर शीशा खोलने को विवश करता है और पैसे वसूलता है। इस तरह के अवांछित लोगों से व इनकी हरकतों से सभी वाक़िफ़ हैं परन्तु न ही इन्हें कोई नियंत्रित करने वाला है न ही किसी को यात्रियों की सुरक्षा व मान सम्मान की चिंता है। यही वजह है कि इनकी न केवल संख्या बढ़ती जा रही है बल्कि इनके हौसले भी बुलंद होते जा रहे हैं। सरकार की ओर से देश की छवि चमकाने की तरह तरह की बातें की जाती हैं। कभी विश्व गुरु बनने का डंका पीटा जाता है तो कभी 80 करोड़ लोगों को मुफ़्त राशन देने का दावा करने वाली इसी सरकार द्वारा ही भारत के विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बनने की बातें की जाती हैं। परन्तु हक़ीक़त तो यही है कि आज भी इस देश में आम यात्री ट्रेन व बसों में सुरक्षित नहीं है। वह बेफ़िक्र होकर अपनी यात्रा नहीं कर सकता। कहना ग़लत नहीं होगा कि अवांछित तत्वों तथा सरकार द्वारा इनकी अनदेखी किये जाने के कारण देश की सामान्य यातायात व्यवस्था पूरी तरह से असुरक्षित है।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी से मिलने का मौका मिलेगा। वैवाहिक जीवन में भी खुशियां भरपूर रहेगी। आप अपनी जिम्मेदारी से बिल्कुल पीछे न हटें। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आप अपने घर किसी नए इलेक्ट्रॉनिक सामान को लेकर आ सकते हैं। भाई व बहनों से प्रॉपर्टी को लेकर कोई खटपट हो सकती है। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप यदि किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी करने की सोच रहे हैं, तो आपको उसके चल व अचल पहलुओं का स्वाधीनता से जांचना होगा। ऑनलाइन काम कर रहे लोगों को कोई बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। आपको किसी काम को लेकर जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा, नहीं तो उसमें गड़बड़ी हो सकती है। आप अपने किसी सहयोगी से कोई बात बहुत ही सोच समझ कर बोलें। आपके बॉस से आपके रिश्ते खराब हो सकते हैं। आपको अपने खर्चों का लेखा-जोखा रखना होगा।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आप शीघ्रता व भावुकता में कोई निर्णय न ले। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आपको किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आप अपनी संतान से कोई वादा कर सकते हैं। आपको अपने स्वास्थ्य पर थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको किसी से कोई वादा सोच समझ कर करना होगा। कार्य क्षेत्र में आप महिला मित्रों से सावधानी बरते। आपके मन में यदि कोई बात को लेकर संशय चल रहा है, तो आप अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं। आपको अपने व्यवसाय के कामों में ढील देने से बचना होगा। आपको नौकरी के लिए कोई दूसरा ऑफर आ सकता है। संतान के करियर को लेकर आपको थोड़ी टेंशन रहेगी। आपको अपने कामों के लिए कोई पुरस्कार मिल सकता है।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। यदि आपके मन में किसी काम को लेकर कंफ्यूजन है, तो आप उसमें आप बिल्कुल आगे ना बढ़े। यदि आपने कोई लोन अप्लाई किया था, तो वह भी आपको मिल सकता है। परिवार में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। कोई कानूनी मामला यदि आपको लंबे समय से परेशान कर रहा था, तो वह भी समाप्त हो सकता है। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आप कुछ विशेष करने की कोशिश में लगे रहेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ आप रोमांचक समय व्यतीत करेंगे। आपने यदि जीवनसाथी से कोई बात गुप्त रखी थी, तो वह उनके सामने उजागर हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको कुछ शत्रुओं से सावधान रहने की आवश्यकता है। आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा, नहीं तो कोई दुर्घटना हो सकती है। आपको किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती है।

**तुला** आज का दिन आपके लिए धैर्य व संयम से काम लेने के लिए रहेगा। आपको अपने कामों में फायदा मिलेगा। कार्य क्षेत्र में आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। आपकी इनकम बढ़ने से आपको खुशियां मिलेंगी, लेकिन आप किसी को धन उधार देने से बचे। आप अपने घर किसी नये वाहन को लेकर आ सकते हैं। संतान आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकती है। आपको अधिकारियों से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। लेनदेन से संबंधित मामलों में आप थोड़ा सावधानी बरते।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। कामकाज के प्रति आपको थोड़ा ध्यान देना होगा। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। पारिवारिक जीवन में खुशहाली बनी रहेगी। आप अपने शौक मौज की चीजों पर अच्छा खासा धन खर्च करेंगे। यदि आपको किसी नौकरी का ऑफर आए, तो आप उसमें थोड़ा सोच विचार कर ही आगे बढ़े। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

**धनु** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप परिवार में छोटे बच्चों के साथ कुछ समय व्यतीत करेंगे, जिससे आपको यदि कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होगी। आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं। भाई व बहनों से आप कुछ पारिवारिक मामलों को लेकर बातचीत करेंगे। पैतृक संपत्ति को लेकर यदि कोई विवाद चले, तो आपको उसमें चुप लगाना बेहतर रहेगा। आप बिजनेस में अपनी योजनाओं में कुछ बदलाव करेंगे, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे।

**मकर** आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ाने के लिए रहेगा। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्त होंगे। जीवनसाथी के साथ आप कुछ समय आनंदमय समय व्यतीत करेंगे। धर्म-कर्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। परोपकार के कार्यों में आप पर चढ़कर हिस्सा लेंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपको कुछ नये संपर्कों से आपको लाभ मिलेगा। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी, जो आपके लिए बेहतर रहेगी।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए सुख साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे। आपका डूबा हुआ धन मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में भी आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आप किसी नए घर मकान, दुकान की खरीदारी कर सकते हैं। आप अपने भविष्य को लेकर कोई सरकारी योजना में इन्वेस्टमेंट करेंगे, जो आपके लिए आने वाले समय में अच्छी रहेगी। आपकी कुछ नया करने की इच्छा जागृत हो सकती है।

**मीन** यह दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको किसी बड़े लक्ष्य को पाने के लिए मेहनत अधिक करनी होगी। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। नौकरी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे लोगों को अपने किसी मित्र की मदद से अच्छी नौकरी की प्राप्ति होगी। आप अपने दोस्तों के साथ मौज मस्ती करने में काफी समय व्यतीत करेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के साथ समय बिता कर काफी खुश होंगे।

**व्यंग्य**

# फिटनेस का फंदा, दिल तो बच्चा ही रह गया

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

कभी आपने 'डाइटिंग कर रहे' इंसान का चेहरा गौर से देखा है? वो मुस्कराता कम है, मसालेदार यादें ज़्यादा चबाता है। मेरे डाइटिंग के दिनों में मुझे नींद नहीं आती थी, क्योंकि भूख और आत्मग्लानि दोनों साथ में कम्बल खींचते थे। हर बाइट पर ज़मीर टोकता था—"ये खा लिया तो कैलोरीज़ की बारात निकल जाएगी!" एक दिन मैंने ठान ही लिया कि आज डाइट तोड़नी है, तोड़ा भी। समोसे, जलेबी, छोले-भटूरे—सबका 'श्राद्ध' कर दिया। लेकिन उस दिन पेट भरा नहीं, आत्मा भर आई। बीवी बोली, ''ये क्या किया?'' मैंने कहा, ''पंद्रह दिन की तपस्या के बाद ये प्रसाद था।'' वो देखती रही, जैसे 'कोविड पॉज़िटिव' रिपोर्ट देख रही हो। शाम को जब वजन चढ़ा—तो तराजू नहीं, स्वाभिमान हिल गया। लेकिन दिल अंदर से मुस्करा रहा था—''आज तू जिया बेड्ड आज तू जिया!'' अब हालत ये है कि हर फ्रूट सलाद को देखकर लगता है कि पेड़ पर आत्महत्या करने की कोशिश कर रहा कोई आम, पपीता, और अनार है, जिनका एक ही कसूर था—स्वादिष्ट न होना। और ये जो वेलनेस गुरु लोग होते हैं, उनका जीवन आदर्श होता है—चार बजे उठना, पाँच बजे सूरज को गुड मॉर्निंग कहना, और छह बजे बीटरूट का जूस पीकर ज़िंदगी को गालियाँ देना। मेरी कॉलोनी में 'योगाचार्य विश्रामानंद' रहते हैं—नाम सुनकर लगता है जैसे नींद खुद उनके चरण छूती हो। मगर असलियत में वे पूरे मोहल्ले को चार बजे उठाकर ताड़ासन कराते हैं। कल बोले, ''भाई, शरीर मंदिर है।'' मैंने कहा, ''बिलकुल! और आप तो पुजारी हो, मगर हम भक्त हैं—प्रसाद नहीं मिला तो क्या आरती करें?'' वो मुस्कराए, बोले, ''संयम रखो।'' मैंने पूछा, ''कब तक?'' वो बोले, ''मृत्यु तक।'' और यहीं मेरी हँसी और आँसू दोनों एक साथ फूट पड़े। सच पूछिए तो हेल्दी लाइफ अब एक 'हिंसक अहिंसा' बन चुकी है। न खून बहता है, न आँखें, बस मन की भूख लहूलुहान होती है। टीवी पर न्यूज़ आ रही थी—''नए शोध के अनुसार, बर्फ का पानी पीने से आपकी उम्र घट सकती है।'' मैंने पानी की बोतल को देखा, फिर खुद को—और चुपचाप पानी गरम करने चला गया। उधर बीवी बोली, ''आज रात खाने में ओट्स की खिचड़ी है।'' मैंने पूछा, ''और मिठाई?'' वो बोली, ''तुम्हारा ब्लड शुगर मीठा है।'' बसड्ड उस रात मैंने तकिए में मुँह छुपाकर चुपचाप रो लिया। अगली सुबह अखबार में खबर थी—''एक व्यक्ति हँसते-हँसते दुनिया छोड़ गया, वजह—बहुत दिनों बाद इमरती देखी थी।'' मेरा दिल धड़कने लगा—कहीं अगला नंबर मेरा तो नहीं? अब ये ''हेल्दी लाइफस्टाइल'' भी एक नई किस्म की घरेलू हिंसा हो चुकी है—जहाँ अपराध बीवी करती है और सज़ा पति को मिलती है। पहले जब हम ज़रा मोटे थे तो समाज कहता था—"क्या रौब है! राजा-महाराजा जैसे लगते हो!" अब पेट दिखा नहीं कि लोग कहते हैं, ''भैया, डाइबिटीज का ध्यान रखना।'' यानी मोटा होना अब अपराध है, और दुबला होना... पुण्य। एक दिन बीवी ने बड़े प्यार से कहा, ''आज डिटॉक्स डे है।'' मैंने खुश होकर पूछा, ''कौन से पकवान मिलेंगे?'' वो बोली, ''गुनगुना नींबू पानी और दिनभर उपवास।'' उस दिन मुझे लगा जैसे मेरी आत्मा ने ही शरीर से इस्तीफा दे दिया हो। उधर पास के मंदिर में भंडारा चल रहा था, पर मैं... हेल्दी जीवन की जेल में आजीवन कारावास भुगत रहा था। मन में सिर्फ एक ही फिल्मी डायलॉग गूँज रहा था—''खाने को कुछ नहीं, और जीने की तमन्ना भी नहीं।''

एक बार की बात है—मैं सुबह-सुबह पार्क में दौड़ रहा था। तभी सामने से शर्मा जी आए, बोले, ''अरे भाई, जॉगिंग कर रहे हो या मौत को गले लगाने निकले हो?'' मैंने कहा, ''हेल्दी बनने निकला हूँ।'' वो बोले, ''हेल्दी? अरे आजकल तो लोग बीमार होकर ही ज़िंदा हैं, वरना स्वस्थ आदमी को समाज शक की नज़रों से देखता है।'' मैं हँसा, लेकिन मेरी टाँगों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। आधे पार्क के बाद पाँव बोले—''भैया, हम आत्मनिर्भर नहीं, थक निर्भर हो चुके हैं।'' घर पहुँचा तो साँसें ऐसे चल रही थीं जैसे पुराना पंखा लास्ट ब्रीथ ले रहा हो। बीवी ने देखा, कहा, ''वाह! तुम्हारा चेहरा तो अब आलू से शकरकंद जैसा दिखने लगा है।'' मैंने कहा, ''शुगर फ्री शकरकंद, क्योंकि अंदर से तो सब बेस्वाद हो चुका है।'' और फिर आया वो दिन जब डॉक्टर ने कहा—''अब आप बिल्कुल ठीक हैं, लेकिन मीठा, नमक और तला हुआ खाना ज़हर है।'' मैंने पूछा, ''तो ज़िंदगी में स्वाद क्या रहा?'' बोले, ''स्वाद... अब किताबों और पोडकास्ट में मिलेगा।'' और मैं समझ गया कि अब खाना नहीं, बस घास-फूस और गिल्ट खानी है। उस दिन मैंने शपथ ली—''मैं जीवनभर उबली हुई सब्ज़ियों से रिश्ता निभाऊँगा, चाहे आँसू और नमक दोनों ही बंद हो जाएँ।'' और जब किसी शादी में इमरती या रसगुल्ला दिखता है, तो दिल कहता है, ''छू के देख ले, ये आख़िरी बार है।'' एक बच्चा बुफे में प्लेट भर रहा था, मैंने धीरे से पूछा, ''बेटा, क्या स्वाद है इस में?'' वो बोला, ''मस्त है अंकल!'' उस पल मेरी आँखें नम हो गईं। किसी ने पूछा, ''क्यों रो रहे हो?'' मैंने कहा, ''यादों का स्वाद है, जीभ की कब्र पर फूल रख रहा हूँ।''

**विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून**

# पर्यावरण की सुरक्षा के लिए खुद में सुधार की जरूरत

**डॉ. सूर्यकांत मिश्रा**

पर्यावरण अर्थात हमारी जीवनशैली का एक ऐसा आवरण जो हमें सुरक्षा प्रदान करता है । प्रकृति ही प्राकृतिक पर्यावरण है , जो हमारे आस - पास रहते हुए हमारा ध्यान रखती है । प्रकृति ही हर पल हमारा पालन - पोषण करती है । यही हमारे चारों ओर एक सुरक्षा का कवच तैयार करती है ,जो हमें हर तरह के नुकसान से बचाती है । हवा , पानी , जमीन , आग और आकाश ये पांच तत्व मिलकर ही प्रकृति का निर्माण करते हैं । इसी को वेदों और शास्त्रों में इस प्रकार कहा गया है :- " पंच तत्व मिलि बना शरीरा , क्षिति, जल , पावक , गगन समीरा ।" अर्थात हमारे शरीर का निर्माण ईश्वर द्वारा इन पांच तत्वों के संतुलित मेल - मिलाप से ही किया गया है । कुदरत का प्रत्येक स्वरूप अति शक्तिशाली है । यही हमारा पालन -पोषण करता है । हमारे द्वारा इनका गलत उपयोग ही हमारे नाश का कारण बनता है । हम जब - जब अपने पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं , तब - तब ऐसा कुछ खो देते हैं , जिसकी भरपाई आसान नहीं होती । हम अपनी सुविधा को महत्व देते हुए बड़े - बड़े वृक्षों को काट डालते हैं ! ऐसा करके हम खुद को बड़ा प्रोग्रेसिव समझने लगते हैं ! चंद शब्दों में कहूं तो - " सब्र खो दिया है इंसान ने , हथेली पर सरसों उगाना चाहता है ।"हमारे अपने पर्यावरण को हम तब बचा सकते हैं जब अपने अंदर कुछ संकल्प शक्ति का बीजारोपण करने तैयार हों ! इसमें सबसे पहले व्यक्तिगत व्यवहार , राजनीतिक इच्छाशक्ति , तकनीकी विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की भावना प्रबल करनी होगी । हमें पर्यावरण के प्रति आम से खास लोगों को जागरूक करना होगा । हमें अपने जीवन में ऐसे व्यवहार अपनाने होंगे जो पर्यावरण के अनुकूल हों । पर्यावरण को मानवीय जीवन के अनुकूल बनाए रखने के उद्देश्य से पर्यावरणीय मुद्दों पर आवाज बुलंद करना भी हमारे व्यवहार का अहम हिस्सा होना चाहिए । हमें कुछ ऐसा करना होगा जिससे हमारा पर्यावरणीय संगठन मजबूती के साथ मानवीय समाज में पैठ बना सके । संकल्प शक्ति को ऊर्जा प्रदान करते हुए हम आने वाली पीढ़ी को एक बेहतर दुनिया प्रदान करने में सक्षम हो सकेंगे । हमने अपनी आवश्यकता की पूर्ति हेतु निर्ममता पूर्वक बाग - बगीचों तथा जंगलों का दोहन किया ! वृक्षों को काटकर धराशाई कर दिया और विकास की नई इबारत लिखने का प्रयास किया ! ऐसा करके हम बल्लियों उछल रहे थे कि हम संपन्नता की ओर बढ़ रहे हैं ! अब जब वर्षा जल चक्र प्रभावित होने लगा तो पता चल रहा है कि हम बारिश के दर्शन ही नहीं कर पा रहे हैं ! बादल जब हमारे सिर के ऊपर से उमड़ - घुमड़ कर निकल जाते हैं , तो हम ईश्वर से बारिश की प्रार्थना करते हुए यज्ञ आदि का सहारा लेने लगते हैं ! आखिर ऐसी विषम परिस्थिति क्यों और कैसे निर्मित हुई ? अपनी भूल पर पश्चाताप करने के अलावा हमारे पास कुछ और नहीं बचा है !

विश्व पर्यावरण दिवस 2025 एक विशेष अभियान के रूप में हमारे समक्ष लाया जा रहा है । इस वर्ष इसकी थीम " प्लास्टिक प्रदूषण को हराना " रखी गई है । हमारी सरकार विगत कई वर्षों से प्लास्टिक के उपयोग पर नियंत्रण हेतु जागरूकता कार्यक्रम चला रही है । इसका कारण यह है कि प्लास्टिक प्रदूषण हमारे पर्यावरण , स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव डाल रहा है



। आज स्थिति यह है कि प्लास्टिक प्रदूषण हमारे जीवन के हर पहलू में घुस चुका है ! माइक्रो प्लास्टिक हमारे भोजन , पानी और यहां तक कि हमारे शरीर में भी पाया जाने लगा है ! हम बोतल बंद और पाउच में कैद पानी को पीकर अपना स्टेटस सिद्ध करना चाह रहे हैं ! अब चीनी मिट्टी अथवा कांच के बर्तन पर चाय न पीकर हम प्लास्टिक के कप में जहर के साथ चाय और काफी को पीकर बर्तनों को साफ करने के झंझट से छुटकारा पाना चाह रहे हैं ! हमारी यह आदत न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है , बल्कि हमारे शरीर के लिए भी खतरा पैदा कर रही है । इस वर्ष की थीम हमें यह सीख देती है कि प्लास्टिक प्रदूषण को हराने के लिए हमें सामूहिक प्रयास करने होंगे । इसे केवल सरकारों अथवा संगठनों की जिम्मेदारी न मानते हुए व्यक्तिगत उत्तरदायित्व समझकर योगदान करना होगा। हमें सबसे पहले संकल्पित होकर " सिंगल यूस प्लास्टिक " को अपने जीवन से बाहर निकालना होगा । साथ ही पुनर्चक्रण को अपने जीवन में स्थान देना होगा । पर्यावरण को सुरक्षित और प्राणियों के अनुकूल बनाए रखने के संदर्भ में हमें राम राज्य की ओर रुख करना होगा । उस समय वृक्ष मुंह मांगा पदार्थ स्वतः प्रदान कर दिया करते थे । उस समय के कल्प वृक्ष अब लोगों को कल्पना मात्र लगने लगे हैं । कल्प तरु के नीचे बैठकर मांगी गई हर इच्छा पूरी हुआ करती थी । इसका सबसे प्रबल कारण यह था कि उस समय अकारण वृक्षों को काटा नहीं जाता था । अवसरवादी रुख अख्तियार नहीं किए जाते थे । यदि वृक्ष फलदाई नहीं तो उसे उखाड़ दिया जाए या उसकी रक्षा न की जाए , इस तरह के विचारों ने जन्म नहीं लिया था ! आज जरूरत इस बात की है कि वनों की निर्मम कटाई को प्रश्रय न दिया जाए । वन्य जीवों की प्रजातियों के संरक्षण की अधिकाधिक आवश्यकता जान पड़ रही है । आज का मानव पशु से भी गया - गुजरा नजर आता है ! आज का मानव अतिशय संग्रह के लोभ से खुद को नहीं बचा पा रहा है ! उसकी सोच इतनी सीमित होकर रह गई है कि वह अपने और परिवार के अलावा किसी के प्रति दयाभाव नहीं रख पा रहा है ! यही कारण है कि खुद के सुख के लिए पक्षियों के रैन बसेरा माने जाने वाले वृक्षों पर आरी चलाने से नहीं कतराता है !

पर्यावरण के संबंध में किसी को सुधारने की नहीं बल्कि स्वयं सुधरने की जरूरत है । जन - जन को संकल्पित होना होगा कि वह पर्यावरण को प्रदूषित नहीं करेगा । इस भय को भी मन में पालना होगा कि काल रूप प्रदूषण समस्त जीवों के अस्तित्व को समाप्त करके रख देगा । हमें यह भी जान लेना चाहिए कि स्वच्छ वातावरण में स्वस्थ मन का विकास होता है । मन की शांति ही सबसे बड़ा सुख है । सुख ही जीवन का उद्देश्य है । सुख लक्ष्य है और धन केवल साधन । साधन के वशीभूत होकर हमें साध्य को नहीं भूलना चाहिए । जीवन का लक्ष्य है अत्यधिक सुख , अत्यधिक धन नहीं । हम अपने लक्ष्य को स्वच्छ , निर्मल और प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहकर ही प्राप्त कर सकते हैं ।

# संतोष कुंजाम की गुहार पर मंत्री ने कार्रवाई करने आई जी को दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 4 जून ।** गृह मंत्री श्री विजय शर्मा आज जगदलपुर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हाल में माओवाद का विद्रूप चेहरा विषय पर संगोष्ठी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान बीजापुर कुटरू एसडीओपी श्री बृज किशोर यादव द्वारा कर्मचारी श्री संतोष कुंजाम तकनीकी सहायक एवं सचिव श्री बाबूराव पुलसे पर किये गये बर्बातापूर्ण मारपीट की विस्तृत जानकारी पीड़ित कर्मचारी ने गृह मंत्री को बताई। गृह मंत्री ने घटना संज्ञान में होने की जानकारी देते हुए करवाई के पूर्व में ही निर्देश देने की जानकारी दी। मंत्री विजय शर्मा ने आई जी बस्तर रेंज पी सुंदरराज से अभी तक की गई कारवाई की जानकारी लेते हुए तत्काल आज ही कार्रवाई के निर्देश दिए। संगठन के कर्मचारी आई जी से मिलकर ज्ञापन भी सौंपा आई जी ने कर्मचारियों को न्याय होने का भरोसा दिलाया। इस दौरान सचिव संघ के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष कोमल निषाद, मनरेगा महासंघ के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर, अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र बालेंद्र, रोजगार सहायक संघ के जिला सचिव प्रताप सेमल, तकनीकी सहायक संघ से टी एल उर्वशा, सर्व संविदा मंच से अमृत साहू थे।

## प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम बना राजेंद्र के सपनों का आधार

**महासमुंद 4 जून ।** प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी और प्रमुख योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रहने वाले बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इस योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को स्वयं का उद्यम स्थापित करने हेतु बैंकों के माध्यम से ऋण सहायता उपलब्ध कराई जाती है, जिसमें एक निश्चित प्रतिशत तक अनुदान (सब्सिडी) भी प्रदान किया जाता है।इसी योजना के तहत महासमुंद विकासखंड के ग्राम खरोरा निवासी श्री राजेंद्र चंद्राकर ने लाभ प्राप्त किया। श्री चंद्राकर ने स्नातक स्तर तक शिक्षा प्राप्त की है। शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात् उन्होंने नौकरी की बजाय स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने का निश्चय किया, ताकि वे स्वावलंबी बन सकें। हालांकि, व्यवसाय की शुरुआत के लिए उनके पास आवश्यक पूंजी की कमी थी, जिससे उनका सपना साकार नहीं हो पा रहा था। इसी दौरान उन्हें प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्राप्त हुई, जिसने उनके लिए एक नई राह खोल दी।

इसी योजना का लाभ उठाने के उद्देश्य से श्री चंद्राकर ने खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग, जिला पंचायत महासमुंद से संपर्क किया। उन्होंने विभाग से योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की, जिसमें उन्हें योजना के अंतर्गत पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, अनुदान की सीमा, ऋण की शर्तें, एवं व्यावसायिक गतिविधियों की सूची जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। विभाग की मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार श्री चंद्राकर ने निर्धारित प्रारूप में अपना ऋण प्रकरण तैयार कर आवेदन जमा किया।

## समाचार संक्षेप

### सुकमा नगर पालिका अटल परिसर विवाद पर राजनीति गरमाई

**सुकमा, 4 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पालिका सुकमा की सामान्य सभा बैठक में अटल परिसर के स्थानांतरण को लेकर गर्मागर्म बहस देखने को मिली। लेकिन विवाद केवल प्रस्ताव तक सीमित नहीं रहा – विपक्ष की गुटबाजी और राजनीतिक दोहरापन अब चर्चा का बड़ा विषय बन गया है।चौंकाने वाली बात ये रही कि बैठक में विपक्षी पार्षद सुनील यादव ने अटल परिसर स्थानांतरण का पुरज़ोर विरोध किया, लेकिन उनके समर्थन में खड़े होने के बजाय नेता प्रतिपक्ष ने सत्तापक्ष के प्रस्ताव पर हामी भर दी। यह न केवल राजनीतिक बेवफाई का प्रतीक है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि विपक्ष अंदर ही अंदर खंडित है, और संभवतः कोई ÷गुप्त समझौता÷ भी चल रहा है।

**धार्मिक आस्था से भी जुड़ा है मामला** -जिस भूमि पर पूर्व में सनातन विधि से भूमि पूजन कर अटल परिसर निर्माण की आधारशिला रखी गई थी, उसी स्थान को छोड़कर अब अन्यत्र निर्माण का प्रस्ताव स्थानीय जनता को नागवार गुज़र रहा है। तीनों वार्डों के नागरिकों की एक ही मांग है जिसे पूजित किया गया है, वहीं परिसर बनना चाहिए।

**अब सवाल यह है:-** विपक्ष जनता की बात बोलेगा या दलगत राजनीति में उलझा रहेगा?जब नेता प्रतिपक्ष ही अपने पार्षद की बात को दरकिनार कर दे, तो जनता किस पर भरोसा करे।

## एक नजर

### रायकोट-2 के शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

**जगदलपुर 4 जून।** ग्राम पंचायत रायकोट-2 विकासखण्ड तोकापाल स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु इच्छुक पंजीकृत सहकारी समितियां, ग्राम पंचायत,महिला समूह, वन सुरक्षा समिति से 12 जून 2025 तक कार्यालयीन अवधि में आवश्यक सम्पूर्ण दस्तावेज सहित कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) तोकापाल में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत रायकोट-2 का उचित मूल्य की दुकान पूर्व में प्राथमिक आदिवासी खनिज सहकारी समिति मर्यादित मटकोट को आबंटित किया गया था। उनके द्वारा एसडीएम तोकापाल कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त दुकान के संचालन करने में असमर्थता व्यक्त करते हुए त्यागपत्र प्रस्तुत किये जाने के फलस्वरूप उक्त पंचायत में शासकीय उचित मूल्य की दुकान का आबंटन किया जाना है।

### दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय में कक्षा पहली से बारहवीं तक प्रवेश 16 जून से

**जगदलपुर 4 जून।** शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय आड़ावाल, जगदलपुर, जिला-बस्तर में दृष्टि बाधित छात्र-छात्राएँ कक्षा-1ली से 12वी एवं श्रवण बाधित छात्र-छात्राएँ कक्षा-1ली से 10वी तक का शिक्षा ग्रहण किया जावेगा, जो कि बस्तर संभाग का एक मात्र दृष्टि बाधित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय है। अब शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सह बालक छात्रावास जगदलपुर जिला-बस्तर में कक्षा पहली से बारहवीं तक के लिए नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश की प्रक्रिया 16 जून 2025 से प्रारंभ होगा। विद्यालय में प्रवेश हेतु आवश्यक दस्तावेज जैसे की 1. जन्म प्रमाण-पत्र (छायाप्रति) 2 स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टी.सी.) (मूल प्रति), 3 यूडीआईडी कार्ड (छायाप्रति) 4 दिव्यांगता प्रमाण पत्र (छायाप्रति), 5 आय प्रमाण पत्र (मूल प्रति), 6 जाति प्रमाण पत्र (छायाप्रति), 7 निवास प्रमाण पत्र (छायाप्रति), 8 आधार कार्ड (छायाप्रति), 9 बैंक पासबुक (स्पष्ट छायाप्रति), 10 राशन कार्ड (छायाप्रति) 11. दस नग रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, 01 नग फूल साईज रंगीन फोटो। महत्वपूर्ण निर्देश दृष्टि एवं श्रवण बाधित दिव्यांग बच्चें के प्रथम प्रवेश पर अभिभावक को विद्यालय में आना अनिवार्य है, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक में विद्यार्थी का मोबाईल नम्बर लिंक होना अनिवार्य है, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र अनिवार्यतः तहसीलदार, च्वाईस सेंटर से बनवाकर लाना होगा, बैंक पासबुक 12वीं की अंकसूची आधार कार्ड एवं यूडीआईडी कार्ड में विद्यार्थी का नाम एक समान हो। छात्रावास में निवासरत छात्र-छात्राओं को निःशुल्क भोजन, वस्त्र, बिस्तर, मनोरंजन, खेल सामग्रियों इत्यादि की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। अधिक जानकारी हेतु श्री तोमेश्वर सिन्हा 9302129002, श्री हीरालाल परते 9617044067 से संपर्क कर सकते हैं।

### महावीर जैन विद्यालय के पूर्व छात्रों का पुनर्मिलन समारोह आयोजित



**भिलाई, 4 जून ।** श्री महावीर जैन विद्यालय दुर्ग के 1995 बैच के पूर्व विद्यार्थियों का 30 वर्षो बाद पुनर्मिलन समारोह हर्षोल्लास एवं भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में मुंबई, बेंगलुरु, रायपुर सहित देश के कई शहरों से छात्र विशेष रूप से शामिल हुए। सबसे खास बात यह रही कि इसमें केजी-1 से लेकर 12वीं तक साथ पढ़ने वाले सभी छात्र उपस्थित रहे चाहे वे किसी समय विद्यालय में साथ पढ़े हों, उन्होंने एक साथ पढ़ाई पूरी की हो या किसी कक्षा में मिले हों। सभी ने मिलकर बचपन की यादों को फिर से जीवंत किया। जो साथी किसी कारणवश स्वयं उपस्थित नहीं हो सके, उन्हें भी समारोह से वीडियो कॉल के माध्यम से विदेशों से जोड़ा गया। इस प्रकार तकनीक के माध्यम से दिलों की दूरी को भी खत्म किया गया। शुरुआत दीप प्रज्वलन और विद्यालय की प्रार्थना से हुई। इसके बाद सभी साथियों ने अपने अनुभव, यादगार किस्से और भावनात्मक क्षण साझा किए। कुछ ने कविता, तो कुछ ने उस दौर की मज़ेदार घटनाओं से सबको भावुक और हर्षित कर दिया। कार्यक्रम के आशीष कश्यप, जीतेश जैन, अभय जैन, अमित दत्ता, आलोक पहाड़िया, दीपक चावडा, आशीष साहू, आशीष सेठी, आनंद जैन, सजीव दुग्गड, लीना देवांगन, लोरी शर्मा, वन्दना, श्वेता, अनीता, श्रेयांस जैन, अमरजीत सिग, दीपक राठी, रितेश, नवनीत, रोशन यशपाल, संदीप, अनिता, श्यामलता, विनिता, स्वाति, मधु, तृप्ति, श्रद्धा, राखी, पूजा, मोनी, सोनल, किरति, विवेक, सौरभ, प्रवीण, मनीष उपस्थित थे।

# ग्राम उत्कर्ष अभियान का लक्ष्य जनजातीय समुदायों का व्यापक विकास




**कांकेर, 4 जून ।** भारत सरकार के निर्देशानुसार धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने विभिन्न गतिविधियों के क्रियान्वयन के संबंध में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा 02 अक्टूबर 2024 को धरती आबा जनजातीय अभियान की शुरूआत की गई है, जिसमें 17 केंद्रीय मंत्रालय के माध्यम से 25 महत्वपूर्ण गतिविधियों को शामिल किया गया है। बैठक में आदिवासी विकास विभाग की सहायक आयुक्त सुश्री जया मनु ने बताया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का लक्ष्य बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और आजीविका में महत्वपूर्ण अंतराल को दृष्टिगत रखते हुए जनजातीय क्षेत्रों और जनजातीय समुदायों के व्यापक विकास करना है। समन्वित दृष्टिकोण और भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से योजना का उद्देश्य समग्र, टिकाऊ और समावेशी विकास सुनिश्चित करते हुए आदिवासी समुदायों को सेचुरेशन मोड में सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना में ऐसे ग्राम का चिन्हांकन किया गया है, जहां 500 या इससे अधिक अनुसूचित जनजाति वर्ग की जनसंख्या निवासरत हों। जिले अंतर्गत कुल सात विकासखण्डों के कुल 552 जनजातीय ग्रामों को चिन्हांकित किया गया है। यह भी बताया गया कि योजना के क्रियान्वयन हेतु धरती आबा अभियान के तहत जन जागरूकता एवं लाभार्थी संतृप्ति शिविर का आयोजन 15 से 30 जून तक किया जाएगा।योजना के तहत तात्कालिक गतिविधि लघुकालीन के तहत आधार कार्ड, जनधन बैंक खाता, आयुष्मान भारत कार्ड, सिकलसेल बीमारी की जांच, जाति प्रमाण पत्र, व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र वितरण, राशन कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि और किसान क्रेडिट कार्ड का लक्ष्य रखा गया है। इसी प्रकार दीर्घकालीन गतिविधि अंतर्गत पक्के घर (प्रधानमंत्री आवास योजना)-ग्रामीण, संपर्क सड़कें (प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना), जल आपूर्ति-जल जीवन मिशन, सामुदायिक नल जल, घरों का विद्युतीकरण, नई सौर ऊर्जा योजना और ऑफ ग्रिड सोलर, मोबाईल चिकित्सा इकाईयां (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन), आयुष्मान कार्ड-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, एलपीजी कनेक्शन (प्रधानमंत्री उज्जवला योजना), आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थापना-पोषण अभियान, छात्रावास निर्माण- समग्र शिक्षा अभियान, पोषण वाटिकाएँ- राष्ट्रीय आयुष मिशन, यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड/भारत नेट, स्किल इंडिया मिशन (मौजूदा योजनाएं), वनधन विकास केन्द्र-जनजातीय समूहों का प्रशिक्षण, डिजिटल पहल, सतत् कृषि को बढ़ावा-कृषि और किसान कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाएं कार्ययोजना तैयार की जाएगी। निर्माण, छात्रावास, आश्रम शाला, अजजा आवासीय विद्यालय में अधोसंरचना विकास, सिकलसेल रोग के लिये सक्षमता केन्द्र और परामर्श सहायता, वन अधिकार अधिनियम एवं सामुदायिक वन अधिकार प्रबंधन गतिविधियों हेतु सहायता प्रकोष्ठ की स्थापना की जाएगी।

# वापस आएं ग्रामीणों का भी सर्वे कर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभान्वित करें:कलेक्टर

**दंतेवाड़ा, 4 जून ।** जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आज समय सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के सन्दर्भ में कहा कि ग्राम पंचायतों में अस्थाई पलायन से वापस आ चुके ग्रामीणों को भी आवास योजना के दायरे में लाने हेतु सर्वे किया जाकर उन्हें लाभान्वित करने की प्रक्रिया में तेजी लाएं ताकि सभी के लिए आवास के विजन को प्राप्त करने में उपलब्धि हासिल किया जा सके। इसके लिए अधिकारी स्वयं पंचायतों का दौरा कर हितग्राहियों की सूची का सत्यापन करें। उन्होंने आगे कहा कि जिन जनपद पंचायतों में इस कार्य में अपेक्षानुरूप प्रगति नहीं दिख रही है। उनके लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। इसके साथ ही उन्होंने नक्सल प्रभावित पुनर्वास के संबंध में कहा कि प्रभावितों को इस संबंध में राशन कार्ड, आधार कार्ड, मनरेगा कार्ड, बस पास, श्रम कार्ड पंजीयन, कौशल विकास, आयुष्मान कार्ड जैसी आवश्यक सुविधाएं दिया जाना हैं। अतः इसके लिए सभी संबंधित योजनाओं से संबंधित एक ही दिन शिविर लगाए जाएं ताकि प्रभावितों को एक साथ सुविधा उपलब्ध हो सकें और उन्हें अलग-अलग दिवस न आना पड़े।इसके साथ ही बैठक में समय सीमा एजेण्डे के अनुसार आरएमएसए के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य, आस्था किरन्दुल की प्रगति, आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु जिले में विशेष अभियान के तहत कैंप लगाकर कार्य, 70 से अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाने, नेटवर्क टावर लगाने, तालाब में मछली पालन करने हेतु मछली बीज, दाना एवं दवाई उपलब्ध कराने, ई-श्रम पोर्टल में प्रदेश के असंगठित कर्मकारों के पंजीयन हेतु निर्धारित लक्ष्य अनुरूप पंजीयन शत प्रतिशत पंजीयन कराने, छत्तीसगढ़ राज्य में कृषक पंजीयन, ग्रामीणों तक बैंकिंग सेवा का लाभ पहुंचाने, दंतेवाड़ा अंतरराज्यीय बस स्टैंड के संबंध में जैसे बिंदुओं पर कलेक्टर द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए।

### आंध्र स्वाभिमान एसोसिएशन के चुनाव संपन्न

**भिलाई, 4 जून।** आंध्र स्वाभिमान एसोसिएशन के चुनाव में ए. दुर्योधन राव अध्यक्ष, वेंकट राव मूगी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, के. प्रसाद राव महासचिव, पी. जगदीश राव उप महासचिव, के. जंगमय्या राव सचिव, एम. ईश्वर राव कोषाधिकारी, सी. एच. अप्पलस्वामी कार्यकारिणी सदस्य एवं क्षेत्रीय प्रभारी, डी. शंकर राव का. स. सदस्य एवं क्षेत्रीय प्रभारी, शिव कुमार रायुडू का. स. सदस्य एवं क्षेत्रीय प्रभारी, जे. श्रीनिवास राव ( का. स. सदस्य एवं क्षेत्रीय प्रभारी) निर्विरोध चुने गए। वर्षो से निरन्तर सामाजिक एकता के साथ सांस्कृतिक आयोजन एवं अन्य प्रकार के सेवा कार्यक्रम किया जा रहा है।

### आत्मसमर्पित माओवादी को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में करें काम: कलेक्टर



**सुकमा, 4 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर जिले के विकास कार्यों, कानून व्यवस्था, सड़क सुरक्षा और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।कलेक्टर श्री ध्रुव ने आत्मसमर्पित माओवाद प्रभावित क्षेत्रों के पीड़ितों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता और प्रोत्साहन राशि के लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुनर्वास नीति के तहत शासकीय नौकरी के लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से हल किया जाए। साथ ही आत्मसमर्पित माओवाद प्रभावित युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण जैसे सोलर, प्लंबर आदि का प्रबंध कर, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं। कलेक्टर ध्रुव ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय और सक्रियता से कार्य करें, ताकि जिले के नागरिकों को योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके और विकास कार्यों में गति लाई जा सके।पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण ने बताया कि आत्मसमर्पित माओवाद प्रभावित युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराना है। कलेक्टर श्री ध्रुव ने निर्देश दिए कि जिले में चिन्हांकित जगहों पर नवीन आपराधिक कानून के क्रियान्वयन के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) सेटअप की स्थापना की जाए। एनक्कर्ड और कोटपा अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि संबंधित संस्थानों का पाक्षिक आकस्मिक निरीक्षण किया जाए। उन्होंने स्कूल, कॉलेज, समाज कल्याण विभाग को आपसी समन्वय से नशामुक्ति अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। स्कूली बच्चों की सुरक्षा और सुरक्षित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

### मोर गांव-मोर पानी महाअभियान के अंतर्गत क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण प्रारंभ




**सुकमा, 4 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार के निर्देशन तथा जिला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में ÷मोर गांव मोर पानी÷ महाअभियान अंतर्गत 2 जून से 6 जून तक सभी जनपद पंचायतों में क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल संकट से निपटना और गांव-गांव में वर्षा जल का संचय सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में सोमवार को जनपद पंचायत कोंटा के नांगलगुंडा, छिंदगढ़ जनपद के तोंगपाल और सुकमा जनपद के गादीरास क्लस्टर की ग्राम पंचायतों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में संकुल के सरपंच, पंच, सचिव, रोजगार सहायक, ग्राम संगठन के अध्यक्ष, महिला स्व-सहायता समूहों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण सहभागी बने। प्रशिक्षण में उपस्थित प्रतिभागियों को जनपद सीईओ, कार्यक्रम अधिकारी एवं तकनीकी सहायकों द्वारा ÷मोर गांव मोर पानी÷ अभियान के तहत किए जाने वाले विभिन्न कार्यों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही लघु फिल्म और प्रस्तुतिकरण के माध्यम से जल संरक्षण की तकनीकों और कैच द रेन अभियान के तहत वर्षा जल संग्रहण के महत्व को समझाया गया। ÷रिज टू वैली÷ मॉडल के तहत बताया गया कि पहाड़ियों से बहने वाले पानी को गांवों में संरक्षित कर जल संरचनाएं जैसे चेकडैम, परकोलेशन टैंक, स्टॉपडैम आदि बनाकर अधिकतम जल संग्रहण किया जा सकता है। इससे न केवल भूजल स्तर में वृद्धि होगी बल्कि आजीविका संवर्धन में भी सहायता मिलेगी। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई, जिसमें जल संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी मानते हुए हर स्तर पर जल बचाने का संकल्प लिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबंधित क्लस्टरों के सरपंच, पंच, ग्राम सचिव, रोजगार सहायक, ग्राम संगठन अध्यक्ष, महिला समूह की सदस्याएं एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बीएसपी के कर्मचारी शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किये गए

**भिलाई,4 जून।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के एलडीसीपी विभाग में कर्म शिरोमणि सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक प्रभारी रतन मुखर्जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सम्मान प्राप्त करने वालों संयंत्र कर्मियों में जूनियर इंजीनियर सी. पी. शर्मा (जनवरी 2025), इंजीनियरिंग एसोसिएट श्रीराम वर्मा (फरवरी 2025) और उमाशंकर (मार्च 2025) शामिल रहे। इस अवसर पर महाप्रबंधक संजय नायक, महाप्रबंधक डीगेन्द्र वर्मा, महाप्रबंधक शत्रुघ्न श्रीवास्तव, महाप्रबंधक मनोरंजन संध, सहायक महाप्रबंधक एस.के.एन. भगत, उप प्रबंधक रोहित कुमार मैनी, गौतम कुमार दाम तथा उपेन्द्र कुमार शुक्ला भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संचालन उप प्रबंधक सिकंदर इंदोरिया, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी के. डी. बघेल, और अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी आर. के. ठाकुर द्वारा किया गया।

### टाउनशिप में सड़क सुरक्षा के लिए लगाए गए ऑब्जेक्ट मार्कर

**भिलाई, 4 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा टाउनशिप की प्रमुख सड़कों पर यातायात सुरक्षा और सुव्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जगह जगह पर ऑब्जेक्ट मार्कर (हजार्ड मार्कर बोर्ड) लगाए जा रहे हैं। यह कदम विशेष रूप से पंडित रविशंकर शुक्ल पथ (सेन्ट्रल एवेन्यू रोड), फॉरेस्ट एवेन्यू रोड और उनसे जुड़ने वाली रोड क्रमांक 1 से लेकर रोड क्रमांक 6 तक के क्रॉसिंग्स पर लागू किया गया है, जिसका उद्देश्य सड़क यातायात कर्ताओं को संभावित बाधाओं के प्रति सतर्क करना है। हाल ही में नेहरू नगर से पंथी चौक तक की डामर रोड तथा महात्मा गांधी कला मंदिर के सामने स्थित नई लिए स्थान-स्थान पर ऑब्जेक्ट मार्कर लगाए गए हैं।

### चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई।** भिलाई छत के ऊपर से कमरे के अंदर घुसकर सोने-चांदी के जेवरात सहित नगदी चोरी करने वाले आरोपी को पुरानी भिलाई ने गिरफ्तार कर लिया है पुरानी भिलाई टीआई अम्बेर सिंह भारद्वाज ने बताया कि भावना तिवारी पति अनुराग तिवारी (40 साल ) निवासी दीनदयाल उपाध्याय नगर हाउसिंग बोर्ड कालोनी उमदा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके पति अनुराग तिवारी, सास माया देवी पारिवारिक कार्यक्रम में बनारस गये थे घर में यह 26 मार्च को अपने छोटे बच्चे के साथ रात्रि में कमरे में अकेली सोई थी।

आलमारी का लाक खुला हुआ था रात्रि में कोई अज्ञात चोर छत के ऊपर से कमरे के अंदर घुसकर आलमारी के लाकर में रखे सोने चांदी के आभूषण तथा बगल कमरे में रखे आलमारी व आलमारी के लाकर का लाक तोड़कर सोने चांदी के आभूषण सोने की दो नग अंगुठी, सोने की चौन, सोने का लाकेट 01 नग, सोने के नाक की खिल 07 नग, चांदी का पायल 8 जोड़ी, चांदी की बिछिया 11 जोड़ी, चांदी का टिफिन 01 नग, चांदी का गिलास 01 नग, चांदी का कटोरी 01 नग, चांदी की चुड़ी 04 जोड़ी, चांदी का सिक्का 40 नग, पीतल का सिक्का, पीतल का कुबेर यंत्र 02 नग, कान की सोने की तीन नग बाली, एक सोने की बिंदी, एक सोने का चैन, नगदी 5000 रुपए अज्ञात घर अंदर घुसकर चोरी कर ले गया था विवेचना के दौरान आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया संदेही मोहन सागर (26 साल ) निवासी पीएम आवास उमदा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया।

# कलेक्टर ने मानसून में बाढ़ से बचाव एवं राहत के लिए तैयारी के दिए निर्देश

**कांकेर, 4 जून ।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आगामी मानसून में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के संबंध में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक प्रशासनिक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में आगामी वर्षा ऋतु में बाढ़ से निबटने और प्राकृतिक आपदा से राहत पहुंचाने के लिए कार्ययोजना तैयार करने पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि जिले के पहुंचविहीन क्षेत्रों में अभी से खाद्य सामग्रियों और जीवनरक्षक दवाइयों का भंडारण सुनिश्चित कर लें, ताकि प्रभावित लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बाढ़ बचाव सामाग्री का संधारण, वर्षामापक यंत्रों की स्थापना, जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष, पेयजल की शुद्धता एवं स्वच्छता, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का चिन्हांकन एवं अस्थायी राहत कैंप हेतु भवन का चयन निगरानी टीम का गठन एवं अन्य आवश्यक तैयारी, नदियों एवं जलाशयों के जल स्तर तथा जलाशयों से जल छोड़ने की सूचना से अवगता कराने के लिए भी कहा। कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी सीएमओ को मानसून से पहले नालियों की साफ-सफाई के निर्देश दिए ताकि बारिश में जाम की स्थिति न हो। बैठक में एसडीएम श्री अरूण वर्मा ने बताया कि बाढ़, अतिवृष्टि एवं प्राकृतिक आपदा से राहत पहुंचाने एवं सहायता के लिए राज्य, जिला, अनुभाग एवं तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। जिला स्तर पर जिला कार्यालय में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नंबर 76479-70445 है। उक्त नियंत्रण कक्ष में 24 घंटे कर्मचारी उपलब्ध रहेंगे। बैठक में जिले के बाढ़ प्रभावित तहसीलों में निगरानी टीम का गठन करने एवं बाढ़, अतिवृष्टि आदि से बचाव हेतु कार्ययोजना तैयार कर प्रेषित करने को कहा गया। बाढ़ से बचाव के लिए सक्रिय मोटर बोट एवं अन्य सामग्री की व्यवस्था सहित सभी बचाव टीम को तैयार रखने के लिए जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी को निर्देशित किया गया। जिले के तहसील स्तर पर स्थापित वर्षा मापक यंत्रों की मरम्मत व संधारण करने एवं नियमित रूप से जानकारी भेजने हेतु सभी तहसीलदार को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मण्डावी, अपर कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुर्रे, सभी एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तर के अधिकारी मौजूद थे।

### मोबाइल लूटने वाले गिरफ्तार

**भिलाई।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र के चाकू की नोंक पर मोबाइल लूटने वाले दो आरोपियों को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से एक मोबाइल व चाकू बरामद किया है आरोपियों के विरूद्ध पूर्व में भी अपराध दर्ज है सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि प्रार्थी देवराज साहू (30 साल ) निवासी ग्रीन चौक एस.पी. पेट्रोल पंप के पीछे थाना मोहन नगर जिला दुर्ग ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 1 जून को अपने मोटर साइकिल से पेटिंग के काम से गुढ़ियारी रायपुर जा रहा था चंद्रा मौर्या टाकिज चौक के पास सुपेला पहुंचते ही प्रार्थी मोटर साइकिल होंडा साइन का पेट्रोल खत्म हो गया तो रुककर चौक में खड़ा था लगभग 4 बजे उसी समय दो लड़के आये और प्रार्थी को अकेला देखकर मारपीट करने लगे ।

### प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को किया जा रहा लाभान्वित

**कांकेर 4 जून।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति 'कमार' परिवारों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों की सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति में उत्तरोत्तर सुधार करना है।

ताकि उनका त्वरित गति से विकास सुनिश्चित किया जा सके। जिले के विकासखंड नरहरपुर के कुल 13 ग्रामों में 72 परिवार कुल जनसंख्या-283 (पुरूष-147 एवं महिला-136) विशेष रूप से कमजोर जनजाति 'कमार' निवासरत हैं। इनके जीविकोपार्जन के साधन व बांस शिल्प कला, कृषि एवं मजदूरी है।

### प्रशिक्षित एवं व्यवसायिक प्रशिक्षक के रिक्त पदों पूर्ति के लिए चयन सूची जारी

**दंतेवाड़ा, 4 जून । कार्यालय** समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार कार्यालय अधीक्षक शास. श्रवण बाधित विद्यालय, जावंगा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में प्रशिक्षित शिक्षक (श्रवण बाधित) एवं व्यवसायिक प्रशिक्षक के रिक्त पदों के विरुद्ध वैकल्पिक व्यवस्था के तहत शिक्षकों की पूर्ति हेतु दिनांक 30 मई 2025 को शासकीय श्रवण बाधित विशेष विद्यालय, जावंगा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में वॉक-इन-इंटरव्यू का आयोजन किया गया था। उक्त भर्ती हेतु पात्रता परीक्षण पश्चात साक्षात्कार में प्राप्त अंको के आधार पर योग्य पाये गये अभ्यर्थियों का चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी किया जा रहा है। इस संबंध में प्रशिक्षित शिक्षक में श्री तरूण कुमार राज, श्रीमती पुष्पा यादव, कु. अरूणा चतुर्वेदी चयनित, तथा प्रतिक्षा सूची में श्री अनिल कुमार मानिकपुरी, कु. कावेरी कुमारी एवं व्यवसायिक प्रशिक्षक श्री नरेष कुमार स्थाम चयनित, तथा श्री कोसाराम ताती प्रतीक्षा सूची में शामिल है।



**सुकमा, 4 जून।** आए दिन सुकमा से दोरनापाल मार्ग में लापरवाही से वाहन चलाते है और 2 से 4 दिन में एक न एक गाय को टक्कर मार देते है ये कल की घटना है 2 गायों को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया।

## एक नजर

### सेंटरिंग सामान किराए में देकर आय अर्जित कर रहा महिला समूह



**रायगढ़, 4 जून।** जिले में जहां बड़े पैमाने पर लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल रहा है तो वहीं आवास निर्माण से रोजगार के अवसर भी सृजित हुए है। इसी कड़ी में गांव के महिला समूहों को आय अर्जित करने का एक सुनहरा अवसर भी मिलने लगा है। समूह की महिलाएं पीएम आवास जहां निर्मित हो रहे है वहां सेंटरिंग सामान किराए पर देकर अच्छी खासी आय अर्जित कर रही है, जिससे उनका जीवन स्तर में सुधार भी हो रहा है।उल्लेखनीय है कि सुधा महिला ग्राम संगठन बड़े हल्दी चंद्रहासिनी महिला संकुल संगठन मिड़मिड़ा विकासखण्ड पुसौर द्वारा वर्ष 2019 में 10 महिला समूह को जोड़कर गठन किया गया था, जिसमें प्रवेश शुल्क व हिस्साधन व प्रत्येक समूह से बचत कर निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। उक्त संगठन में अब 18 समूह मिलकर कुल 200 महिला जुड़ चुकी हैं। वर्तमान में सुधा महिला ग्राम संगठन ने 4 लाख 20 हजार रुपए का लोन संकुल संगठन मिडमिड़ा सीआईएफ से लेकर आवास निर्माण में लगने वाले सेंटरिंग सामान की खरीददारी कर उसे किराए पर देकर आजीविका कर रहे है।

### कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक

**महासमुंद, 4 जून ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आज समय सीमा की बैठक लेकर विकसित कृषि संकल्प यात्रा की प्रगति एवं एकमुश्त चावल वितरण, एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान, मोर गांव मोर पानी अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त लंबित आवेदनों के अतिशीघ्र निराकरण हेतु सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री रवि साहू एवं श्री रविराज ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने निर्देश देते हुए कहा कि ÷विकसित कृषि संकल्प यात्रा÷ राज्य सरकार की एक प्रमुख योजना है, जिसका उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी देना है। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसान योजनाओं का लाभ लें और उनकी आय में वास्तविक वृद्धि हो। इसके लिए फील्ड स्तर पर सफल किसानों से उनके अनुभव साझा किया जाए। ताकि अन्य किसान भी उनसे प्रेरित हो सके और उन्नत कृषि को अपना सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि किसानों को प्राकृतिक खेती, ड्रिप सिंचाई, जैविक खाद, बीज उपचार और मृदा स्वास्थ्य कार्ड के लाभों के बारे में विस्तार से बताया जाए। राजस्व विभाग की समीक्षा में राजस्व वसूली प्रकरणों में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से वसूली की कार्रवाई करते रहें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को मौसमी बीमारियों सहित कोविड जेएन-1 वेरिएंट से सतर्क रहने हेतु अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए।

### जल संरक्षण के लिए जिले में शुरू हुआ महाअभियान

**मोहला,4 जून ।** जल संरक्षण एवं संचयन की दिशा में छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार के निर्देश पर कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती भारती चंद्राकर के मार्गदर्शन में मोर गांव मोर पानी महाअभियान का शुभारंभ जिले के सभी जनपद पंचायतों में जोरशोर से किया गया है। इस अभियान के तहत क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्राम पंचायत भोजटोला से प्रारंभ किया गया। जिसका उद्देश्य ग्रामीणों में जल की महत्ता को समझाना और जल संकट से भविष्य को बचाना है। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि किस प्रकार रिज टू वैली पहाड़ से मैदान तक सिद्धांत को अपनाकर वर्षा जल का संचयन किया जा सकता है। साथ ही जल संरचनाओं के निर्माण की विभिन्न विधियों को समझाया गया। जिससे भूजल स्तर में वृद्धि, भूमि कटाव की रोकथाम और गर्मी के दिनों में भी जल उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। आगामी तीन वर्षों के लिए एक ठोस जल संरक्षण कार्ययोजना तैयार की जा रही है, जिसमें ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से गांव-गांव में जल संरक्षण की दिशा में प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे।

### कौड़ीकसा में खाद्य प्रतिष्ठानों का किया गया निरीक्षण

**मोहला 4 जून ।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देशन में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी द्वारा ग्राम कौड़ीकसा में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के साथ ही प्रतिष्ठानों से नमूना लेकर लिया गया। निरीक्षण में देवांगन किराना स्टोर्स, असलम किराना स्टोर्स, खान किराना स्टोर्स, देवांगन किराना स्टोर्स, मंडावी होटल, पटेल होटल, कैलाश ट्रेडर्स आदि प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। सभी प्रतिष्ठानों को साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान सागर फ्रूटी, टोस्ट, सूजी तथा आटा एक्सपायरी पाया गया।

### युक्तियुक्तकरण के तहत 171 अतिशेष शिक्षकों का हुआ पदांकन

**मोहला 4 जून ।** कलेक्टर एवं जिला युक्तिकरण समिति के अध्यक्ष श्रीमती तुलिका प्रजापति, सदस्य सचिव व जिला शिक्षा अधिकारी श्री फत्तेराम कोसरिया, सहित दोनों अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जिला स्तरीय समिति के सदस्यगणों, तीनों विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं स्कूल शिक्षा विभाग के सभी स्टाफ उपस्थित की मौजूदगी में ओपन काउंसलिंग शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# सरकार युक्तियुक्तकरण के नाम पर शिक्षा और हजारों नौकरियों को खत्म करना चाहती है: विक्रम मंडावी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 4 जून ।**बीजापुर के विधायक और कांग्रेस नेता विक्रम मंडावी ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सरकार युक्तियुक्तकरण के नाम पर प्रदेश के 10,000 से अधिक स्कूल बंद करने और 45,000 शिक्षक पदों को समाप्त करने की तैयारी कर रही है। इस फैसले से बस्तर संभाग जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्रों में स्कूलों की भारी कमी होगी, जिसका सबसे ज्यादा खामियाजा गरीब और आदिवासी बच्चों को भुगतना पड़ेगा, जो शिक्षा जैसे मौलिक अधिकार से वंचित हो जाएंगे।मंडावी ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनावों में दावा किया था कि राज्य में 58,000 शिक्षक पद खाली हैं और सरकार ने विधानसभा में 35,000 पद भरने की घोषणा की थी। इसके अलावा, इस वर्ष के बजट में 20,000 शिक्षकों की भर्ती की बात कही गई थी। लेकिन अब, भर्तियों से बचने के लिए सरकार 45,000 शिक्षक पदों को ही खत्म कर रही है। उन्होंने तंज कसते हुए सरकार से पूछा जब पद ही नहीं रहेंगे, तो भर्तियां कहां से होंगीकांग्रेस नेता ने आगे कहा कि युक्तियुक्तकरण का यह कदम न केवल शिक्षा विरोधी है, बल्कि रोजगार विरोधी भी है। स्कूलों के बंद होने से रसोइयों, चौकीदारों और भृत्यों जैसे पद भी समाप्त हो जाएंगे, जिससे हजारों लोगों के रोजगार के अवसर खत्म होंगे और उनके परिवारों पर आर्थिक संकट मंडराएगा।विक्रम मंडावी ने भाजपा सरकार से युक्तियुक्तकरण के इस फैसले पर तत्काल पुनर्विचार करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार कोई सर्वमान्य निर्णय नहीं लेती, तो छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शिक्षा जैसे मौलिक अधिकार की रक्षा के लिए आम जनता के साथ मिलकर जमीनी स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।



# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ब्रांच सम्मेलन में संगठन और पार्टी को मजबूत करने पर जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 4 जून ।** बता दें कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संविधान के अनुरूप हर तीन साल में एक बार, ब्रांच कमेटी से लेकर केंद्रीय कमेटी तक सम्मेलन कर आम जनता और कार्यकर्ताओं के बीच संगठन के नेतृत्व का चुनाव किया जाता है। इसी संदर्भ में आज दिनाँक 3 जून को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ब्रांच कमेटी तोयनार का ब्रांच सम्मेलन आयोजित किया गया था।जिसकी अध्यक्षता कामरेड पांडुराम कुड़ियाम ने की। जिसमें मुख्य रूप से सम्मेलन में शिरकत करने सीपीआई नेता कमलेश झाड़ी पहुंचे। सीपीआई नेताओं ने बारी बारी से सभा को संबोधित किया ब्रांच सचिव इसंताराव ने अपने तीन साल के कार्यकाल का रिपोर्ट पेश किया, सीपीआई जिला परिषद् के सदस्य राजू तेलाम ने भी अपने संबोधन में संगठन और पार्टी को मज़बूत करने की सभी कामरेड साथियों को संदेश दिया। और सीपीआई के वरिष्ठ नेता कामरेड लक्ष्मीनारायण पोरटेक ने पार्टी का इतिहास स्वाधीनता संग्राम में पार्टी का योगदान वर्तमान परस्थितियों के बारे में प्रकाश डाला।वहीं सीपीआई के जिला सचिव कमलेश झाड़ी ने अपने संबोधन में। पार्टी संगठन को मज़बूत करने, आदिवासी क्षेत्र में जल जंगल ज़मीन को बचाने के लिए संघर्ष तेज़ करने, और वर्तमान सरकार जिस तरीके से जमीनें छीनने यहां के खनिज संसाधनों को बढ़े उद्योगपतियों बहुराष्ट्रीय कंपनियों को देने की कोशिश में लगी है। साथ में शिक्षा व्यवस्था को धूमिल कर छत्तीसगढ़ बस्तर के युवाओं को शराब के नशे में धकेलने, और रोज़गार से वंचित करने जैसे नितियों के खिलाफ़ जन आंदोलन तेज़ करने और जन संघर्ष को तेज़ करने की बात कही।इस दौरान सम्मेलन सभा में मुख्य रूप से सीपीआई के वरिष्ठ नेता कामरेड पी लक्ष्मीनारायण, इसंताराव, नागेश पोरटेक, राजू तेलाम, आयतु तेलाम, जेम्स कुड़ियाम, मोतीराम, पांडु कुड़ियाम, आदि सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# एकमुश्त वितरित किए जाने वाले राशन भंडारण की हो पर्याप्त व्यवस्था: कलेक्टर



**रायगढ़, 4 जून।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय काम-काज की समीक्षा की। हितग्राहियों को जून माह में अगले तीन माह का राशन एकमुश्त दिया जाएगा। इसके लिए अनाज का भंडारण किया जाना है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने सभी एसडीएम को राशन दुकानों से वितरित होने वाले अनाज भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था के निर्देश दिए। शहरी क्षेत्र के लिए खाद्य विभाग को नगर निगम आयुक्त के साथ समन्वय करते हुए राशन भंडारण के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने महिला बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को गर्भवती महिलाओं के चिन्हांकन कार्य के बारे में जानकारी ली। सीएमएचओ ने बताया कि पूरे जिले में अभियान के माध्यम से गर्भवती महिलाओं के सर्वे का काम चल रहा है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि महिलाओं को चिन्हित करने के साथ ही उनके स्वास्थ्य जांच और पोषण आहार की लगातार मॉनिटरिंग की जाए। यह न केवल उस महिला बल्कि होने वाले बच्चे के स्वास्थ्य के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण है।कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग के बारे में सीजीएम उद्योग विभाग से कहा कि सभी उद्योगों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य रूप से लगा हो यह सुनिश्चित करवाएं। सभी अधिकारियों को अपने कार्यालयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए निर्देशित किया। नगरीय क्षेत्रों में भवनों में भी रेन वाटर हार्वेस्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने निर्माण एजेंसीज से उनके प्रोजेक्ट्स के प्रगति के बारे में एक-एक कर जानकारी ली।जनदर्शन में आए आवेदनों के निराकरण कर चर्चा करते हुए कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने लंबित आवेदनों के बारे में विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने प्रभारी अधिकारी से कहा कि विभागों से समन्वय करते हुए आवेदनों को समय से निराकृत करवाएं, साथ ही निराकरण की गुणवत्ता भी स्वयं देखें। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने राजस्व अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि न्यायालय दिवसों में अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपस्थित रहें। प्रतिवेदन देने में लेट लतीफी करने वाले पटवारियों पर कार्रवाई करें।

### जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में दाई बबा दिवस मनाया जाएगा

**मोहला 4 जून ।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में दाई बबा दिवस आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समुदाय में बुजुर्गों के सम्मान और सहभागिता को बढ़ावा देना एवं बुजुर्गों के स्वास्थ्य की समग्र जांच एवं परामर्श प्रदान करना है। उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जिला कार्यालय से जारी कर संबंधित संस्था प्रभारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देशित गया है।

मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं एएनएम दीदियों के सहायता से ग्राम स्तर से दाई बबा दिवस पर स्वास्थ्य परीक्षण हेतु स्थल में लेकर जाएंगे और वहां उनके समस्त प्रकार के जांच एवं इलाज किया जाएगा ।

# समस्याओं के निराकरण के लिए जनदर्शन में पहुंचे जिलेवासी



**रायगढ़, 4 जून।** प्रति सप्ताह मंगलवार को दोपहर 12 बजे से कलेक्टर कक्ष के बाहर प्रतीक्षाकक्ष में जनदर्शन का आयोजन हो रहा है। जिसमें जिले के जनसामान्य अपनी मांग, समस्या एवं शिकायत संबंधी आवेदन लेकर पहुंचते है। मौके पर कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी आवेदकों की समस्या सुनते हुए उनके प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को यथासंभव शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। मौके पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो उपस्थित रहे।

जनदर्शन में आज वार्ड क्रमांक 9 एवं 10 पुरानी बस्ती मधुबन पारा के मोहल्लेवासी माधोबन तालाब में हुए अतिक्रमण की शिकायत लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि यहां के समस्त मोहल्लेवासी तालाब में निस्तारी का कार्य करते आ रहे है। लेकिन कुछ लोगों द्वारा दबंगई दिखाते हुए अवैध रूप से तालाब पर कब्जा करते हुए पक्के मकानों का निर्माण कर रहे है। इस अतिक्रमण से जल निकासी की समस्या उत्पन्न हो रही है तथा तालाब का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। सभी मोहल्लेवासी कलेक्टर से तालाब में हो रहे अतिक्रमण को शीघ्र हटाए जाने हेतु आग्रह किए।

विद्युत विभाग के द्वारा संबलपुरी सब स्टेशन से नियमित विद्युत वितरण नहीं करने संबंधी शिकायत लेकर बड़ी संख्या में ग्रामवासी जनदर्शन में पहुंचे थे। ग्रामीणों ने बताया जिस दिन से नया सब स्टेशन संबलपुरी में बना है तब से आज दिनांक तक विद्युत आपूर्ति नियमित नहीं की जा रही है। यहां आए दिन 3 से 4 घंटा ही विद्युत वितरण किया जा रहा है। जिससे सबस्टेशन संबलपुरी से लगे ग्राम बंगुरसिया, जुनवानी, छिरवानी, नवागांव, चक्रधरपुर, धूमाबहाल, देवबहाल, नटवरपुर, झारगुड़ा, अड़बहाल, तिलगा, बादपाली, सम्बलपुरी, रेगड़ा गांवों में नियमित विद्युत आपूर्ति नहीं होने से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे दिनचर्या प्रभावित होने के साथ ही पेयजल की समस्या भी बनी हुई है।ग्राम-दर्रामुड़ा धरमपुर के ग्रामवासी गांव में अवैध रूप से महुआ शराब विक्रय पर रोक लगाने संबंधी शिकायत लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि गांव में कुछ लोग बाहर से कच्चा महुआ शराब लाकर अवैध रूप से विक्रय कर रहे है।

# जिले में ग्राम उत्कर्ष अभियान 15 जून से

**महासमुंद,4 जून ।** केंद्र सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा आदिवासी क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से प्रधानमंत्री जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान 'धरती आबा' की शुरुआत की गई है। इसी क्रम में महासमुंद जिले में कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के नेतृत्व में इस अभियान के सफल संचालन और आम नागरिकों के बीच व्यापक जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए 15 जून से 30 जून तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समुदायों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाना तथा उन्हें सरकारी योजनाओं की मुख्यधारा से जोड़ते हुए समावेशी विकास को बढ़ावा देना है। इस अभियान में कमार जनजाति पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। जिले के तीन विकासखंडों के 77 चिन्हांकित ग्रामों में निवासरत लगभग 3271 कमार जनजाति के लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य प्राथमिकता से किया जाएगा। अभियान की पारदर्शिता एवं सफलता सुनिश्चित करने हेतु जिला एवं विकासखंड स्तर पर विशेष निगरानी समितियाँ गठित की गई हैं, जिनकी सतत निगरानी कलेक्टर स्वयं कर रहे हैं। आदिवासी विकास विभाग को इस अभियान का नोडल विभाग नियुक्त किया गया है, जो अन्य सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य का संचालन कर रहा है।जिले के पांचों विकासखंडों के 308 चयनित ग्रामों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिनके माध्यम से केंद्र सरकार के 18 मंत्रालयों की 25 जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुँचाया जाएगा। महासमुंद के 25, बागबाहरा के 33, पिथौरा के 210, बसना के 24 और सरायपाली के 16 ग्रामों में लगने वाले इन शिविरों के माध्यम से हितग्राहियों के आधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री जाएगा।

# जल संरक्षण के लिए जिले में चलाया जा रहा व्यापक अभियान




**रायगढ़, 4 जून।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में %मोर गाँव, मोर पानी' महा-अभियान के तहत जिले के 07 विकासखंडों में जल संरक्षण की दिशा में एक व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य प्रत्येक गांव में जल संरक्षण के तरीकों को अपनाना और बढ़ावा देना है, ताकि जल के विवेकपूर्ण उपयोग की आदतें आमजनों के मन में विकसित हो और भविष्य में होने वाले जल संकट से बचा जा सके।

इसका उद्देश्य जल के प्रत्येक बूंद को सहेजने और जल के उचित उपयोग के लिए जागरूकता पैदा करना है। इस अभियान में वर्षा जल संचयन, सोखता गड्ढे, वर्मी कम्पोस्ट, नाडेप गड्ढा और वृक्षारोपण जैसे उपाय शामिल हैं। मोर गांव मोर पानी अभियान से छत्तीसगढ़ में जल संरक्षण और प्रबंधन के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अभियान के माध्यम से जल संरक्षण और जल के उचित उपयोग के बारे में जागरूकता बढ़ रही है और जल संकट को कम करने में मददगार साबित हो रही है। जिले विकासखंडों में कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) के सहयोग से ग्राम पंचायत स्तर पर जन जागरुकता रैली, जल सरंक्षण की शपथ दिलाई गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत पदाधिकारियों सरंपच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक के साथ-साथ उपस्थित ग्रामीणों एवं महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा जल संरक्षण की दिशा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अपने कंधो पर ली।अभियान के तहत पूरे जिले के 549 ग्राम पंचायतों को 28 क्लस्टर में विभाजित किया गया है, प्रत्येक ब्लॉक में 4-4 क्लस्टर बनाये गए है जिनमे क्रमशः 02 जून 7 क्लस्टर, 03 जून 7 क्लस्टर, 04 जून 7 कलस्टर एवं 05 जून 7 क्लस्टर को प्रशिक्षण आयोजित होंगे। प्रथम चरण में जिले के 07 क्लस्टर में कार्यक्रम 02 जून को आयोजित हुए है। जिसमे ज़िले के 138 पंचायत सम्मिलित थे। उपरोक्त प्रशिक्षण में कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, तकनीकी सहायक सचिव, रोजगार सहायक, सीएलएफ की दीदियाँ एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस दौरान गांव के सरपंच, उपसरपंच के अलावा जनपद क्षेत्र के सदस्य एवं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में पीपीटी के माध्यम से जीआईएस मैप दिखाते हुए लोगों को जानकारी दी गयी कि आपका ग्राम की भौगोलिक संरचना कैसी है, कहां-कहां पर किस किस टाइप के जल संरक्षण संबंधी कार्य किये जा सकते है जिससे भूल जल संरक्षण में भागीदारी सिद्ध हो। उक्त क्रम में तालाबों के निर्माण, गहरीकरण, डबरी कुँवा, सोखता गड्ढा, कंटूर ट्रेंच, गेबियान स्ट्रक्टर, मिट्टी की सिंचाई नाली, बोल्डर चेक डैम, प्लांटेशन कार्य आदि संरचनाओं की विस्तार से जानकारी दी जो कि जल एवं मृदा संरक्षण कार्यो में सर्वाधिक उपयोगी है।

रिज टू वेली कांसेप्ट को विस्तार से समझाया गया। प्रशिक्षण उपरान्त प्रतिभागियों द्वारा रैली एवं जल संरक्षण के नारे लगाए गए साथ ही श्रम दान करते हुए जलस्त्रोतों की सफाई एवं सोखता गड्ढा निर्माण भी किया गया।

### सुपर फूड मुनगा से कोकड़ी की महिलाओं की कमाई

**धमतरी 4 जून।** औषधीय गुणों से भरपूर सुपर फुड मुनगा की फसल लेकर कोकड़ी की महिलाएं दुगुना आय अर्जित कर रहीं हैं। मुनगा को सब्जी के तौर पर तो उपयोग किया ही जाता है। इसके साथ ही मुनगे की पत्तियों का पावडर मल्टीविटामिन सप्लीमेंट के साथ ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रॉल और बीपी को कंट्रोल करने में भी मदद करता है। यही वजह है कि महिलाएं मुनगा की बिक्री ना केवल आसपास के बाजारों में कर रहीं हैं, बल्कि राजधानी रायपुर में भी इसकी सप्लाई कर रहीं हैं। इससे उन्हें दुगुनी आमदनी मिल रही है। धमतरी जिले के कुरूद विकासखण्ड स्थित ग्राम पंचायत कोकड़ी की जय मां लक्ष्मी स्व सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती रामेश्वरी साहू बतातीं हैं कि उनके समूह में 12 सदस्य हैं, जो मिल-जुलकर मुनगे की खेती कर रहीं हैं। उन्होंने बताया कि गांव के खाली पड़े लगभग साढ़े तीन एकड़ से अधिक की भाठा जमीन पर मिश्रित खेती करने के लिए उन्हें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत वर्ष 2022-23 में 11 लाख 44 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिली। इसके बाद महिलाओं ने इस भाठा जमीन पर साल भर मेहनत किया और उनके द्वारा लगाए गए पौधे लहलहाने लगे। इन पौधों में मुनगा के अलावा करौंदा, आंवला और नींबू के पौधे शामिल हैं। मुनगे के पेड़ों में फल जल्दी लगने लगे और साल में दो फसल मिलने लगी। इससे महिलाओं को दुगुनी आय मिल रही है। श्रीमती साहू बताती हैं कि उनके इस अभिनव प्रयोग को देखने के लिए जिले के अन्य गांव के लोग भी आते हैं और उनसे इसका प्रशिक्षण भी लेकर जाते हैं। आजकल खेती के प्रति लोगों का आकर्षण बढ़ रहा है और आधुनिक तरीके से भी लोग खेती कर रहे हैं।

## समाचार संक्षेप

### मलेरिया एवं वेक्टरजनित रोगों के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू

**बीजापुर, 4 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बीजापुर में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मलेरिया, डेंगू, जापानी बुखार एवं फाइलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए एक विशेष छिड़काव अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान जिले के कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.आर. पुजारी के नेतृत्व में 20 मई 2025 से प्रारंभ किया गया है।यह अभियान उन ग्रामों में चलाया जा रहा है जहां मलेरिया का प्रकोप अधिक है (उच्च एपीआई वाले क्षेत्र)। इस अभियान के तहत 624 ग्रामों की 315501 जनसंख्या को कवर करते हुए 72873 मकानों में मच्छर रोधी दवाओं का गुणवत्तायुक्त छिड़काव किया जाना है।जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान में सहयोग करें और मच्छर रोधी दवा का छिड़काव अपने घरों के अंदर अवश्य करवाएं। यह कदम मलेरिया एवं अन्य वेक्टर जनित बीमारियों को नियंत्रित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है।आपका सहयोग ही हमारा सुरक्षा कवच है। आइए, मिलकर बीजापुर को मलेरिया मुक्त बनाएं।



### अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के लखमू को दिया पेंशन प्रमाणपत्र



**बीजापुर, 4 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लखमू राम राना, स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत 21 मई 1990 से निरंतर 35 वर्षों से कार्यरत् थे। जो कि 31 मई 2025 को सेवानिवृत्त हुए, उक्त अवधि में इनका कार्यकाल सराहनीय रहा, संबंधित कर्मचारी को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बीजापुर में डॉ0 बी0आर0पुजारी एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विकास कुमार गवेल के द्वारा शॉल और श्रीफल से सम्मानित करते हुए शासन के निर्देशानुसार सेवानिवृत्त तिथि से ही पेंशन अदायगी आदेश प्रदाय किया गया। इस अवसर पर समस्त स्वास्थ्य अधिकरी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### जिले में नहीं होगी खाद की कमी क्रमिक रूप से होगा भण्डारण

**धमतरी,4 जून ।** चालू खरीफ मौसम में खेती-किसानी के लिए जिले के किसानों को किसी भी तरह से खाद की कमी नहीं होगी। जिले में अभी तक चालू खरीफ मौसम के लिए कुल निर्धारित लक्ष्य का लगभग 56 प्रतिशत खाद का भण्डारण कर लिया गया है। जिले में चालू खरीफ मौसम के लिए किसानों को 43 हजार मीट्रिक टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। रासायनिक उर्वरकों का भण्डारण लगातार क्रम में किया जा रहा है। पहले चरण में लगभग 20 हजार मीट्रिक टन खाद का भण्डारण प्राथमिक सहकारी समितियों मे कर दिया गया है। समितियों से लगातार किसान बिना किसी परेशानी के रासायनिक उर्वरक प्राप्त कर रहे हैं। अभी भी लगभग 8 हजार मीट्रिक टन खाद प्राथमिक सहकारी समितियों और साढ़े 4 हजार मीट्रिक टन खाद डबल लॉक में उपलब्ध है। जिले के विपणन अधिकारी श्री सुनील राजपूत ने बताया कि अगले तीन-चार दिनों में रायपुर और बालोद रेक पॉईंट से जिले में यूरिया, सुपर फास्फेट, एनपीके जैसी खादों का भण्डारण कर लिया जाएगा।खेती-किसानी के इस समय में कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा भी जिले में खाद-बीज के भण्डारण और वितरण पर गहरी नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने किसानों को समय पर पर्याप्त खाद और बीज उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को बीज-खाद की कमी जैसी स्थिति पर तत्काल सूचित करने के भी निर्देश दिए हैं, ताकि समय पर उच्चाधिकारियों से बात कर जिले में खाद-बीज की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

### कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त हुए 41 आवेदन

**कांकेर 4 जून ।** जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया। आज आयोजित जनदर्शन में कुल 41 आवेदन प्राप्त हुए।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में पीएम आवास दिलाने, पेंशन दिलाने, अंत्योदय राशन कार्ड बनाने, कृषि भूमि का पट्टा दिलाने, रोजगार प्रदान करने, प्रधानमंत्री आवास प्रदान करने, विद्युत लाईन बंद होने, भवन का किराया राशि दिलाने, शासकीय भूमि आरक्षित करने, कब्जा हटाने, गैस सिलेण्डर दिलाने, कृषि कार्य हेतु रास्ता दिलाने, रिकार्ड दूरूस्त करने, शौचालय स्वीकृति करने, राशि दिलाने, त्रुटि सुधार करने जैसे विभिन्न प्रकार की मांगों व समस्याओं से संबंधित कुल 41 आवेदन प्राप्त हुए।

### रिक्त पदों पर भर्ती के लिए अंतिम सूची जारी

**रायगढ़, 4 जून।** जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत मिशन वात्सल्य के तहत जिला बाल संरक्षण इकाई के रिक्त 2 संविदा पद, किशोर न्याय बोर्ड के रिक्त 01 संविदा पद, बाल संप्रेक्षण गृह के 7 संविदा पर तथा चाईल्ड हेल्प लाईन के 8 संविदा पदों की भर्ती हेतु अंतिम सूची (चयन सह प्रतीक्षा सूची)को रायगढ़ जिले के तथा कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास रायगढ़ के सूचना पटल में अवलोकन कर सकते है।

# रविवि का एडमिशन पोर्टल बिना सूचना बंद, विद्यार्थियों को हो रही परेशानी

**रायपुर, 4 जून।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने सम्बद्ध कॉलेजों में प्रवेश के लिए ओपन ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पोर्टल अचानक बंद कर दिया है. इससे छात्र परेशान हो रहे हैं और उनके अभिभावक चिंतित हो गए हैं. वहीं कॉलेज भी परेशान हो रहे हैं. यह स्थिति तब है जबकि उच्च शिक्षा विभाग ने एकेडमिक कैलेण्डर जारी कर दिया है जिसके अनुसार 16 जून से प्रवेश की प्रक्रिया शुरू होनी है.



पोर्टल बंद होने का फायदा निजी विश्वविद्यालयों को मिल रहा है. बड़ी संख्या में स्टूडेंट निजी विश्वविद्यालयों के लिए रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं.

प्राइवेट कॉलेज प्रिंसिपल एसोसिएशन जल्द रविवि प्रबंधन से मिलेगा और पोर्टल ओपन करने की मांग रखेगा.

### रिजल्ट जारी होने पर लगा ब्रेक !

सप्ताहभर से पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाओं के रिजल्ट जारी होने पर ब्रेक लग गया है. अंतिम रिजल्ट जो कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड है, बीए सेकंड ईयर वार्षिक परीक्षा का 28 मई को जारी हुआ था. उसके बाद रिजल्ट मुख्य परीक्षाओं के रिजल्ट जारी नहीं हो रही है. 29 मई को एक रिजल्ट वेबसाइट पर अपलोड हुआ है जो कि 26 मई को जारी हुआ था. हालांकि, कुछ पुनर्मूल्यांकन - पुनर्गणना के रिजल्ट जारी होने बात कही जा रही है. बताया जा रहा है कि छात्र हित को छोड़कर प्रबंधन का फोकस निर्माण कार्यों पर है. अधिकारी निर्माण कार्यों और खरीदी की जानकारी लेने में व्यस्त हैं.

इस संबंध में जानकारी के अनुसार पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने 23 मई को अधिसूचना जारी की गई थी कि रविवि के सम्बद्ध शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक और स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पोर्टल 24 मई से ओपन की जा रही है. पोर्टल ओपन भी की गई थी लेकिन पिछले दिनों से अचानक पोर्टल बंद कर दी गई है.

### आरोप: निजी विवि और यूटीडी को फायदा पहुंचाने की कवायद

शिक्षाविदों का कहना है कि पोर्टल बंद करना रविवि प्रबंधन की निजी विश्वविद्यालय को फायदा पहुंचाने की कवायद तो नहीं है. वहीं, कॉलेजों में प्रवेश के लिए पोर्टल बंद करने वाले रविवि प्रबंधन ने अपने अध्ययनशाला में प्रवेश परीक्षा के लिए अप्रैल माह से ही पोर्टल ओपन कर दिया था.

इस पर जानकारों का कहना है कि विश्वविद्यालय अध्ययनशालाओं की ज्यादातर सीटें खाली रह जाती है. ऐसे में रविवि प्रबंधन पहले अध्ययनशाला की सीटें फुल करने की मंशा तो नहीं पाल रहा है.

## एक नजर

### युवक की हत्या करने वाला गिरफ्तार

**रायपुर, 4 जून।** बुढ़ापारा स्थित राज हेयर सेलून के सामने एक युवक ने दूसरे युवक की हत्या कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक सुजन सरकार 35 वर्ष गोकुल नगर टिकरापारा का रहने वाला था। बताया जाता है कि मृतक सुजन बुढ़ापारा स्थित राज हेयर सेलून के पास गया था, तभी आरोपी दीपक विश्वकर्मा 25 वर्ष ने किसी बात को लेकर सुजन से विवाद किया और किसी चीज से हमला कर उसकी हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है।

### लूटपाट कर युवक को पीटा

**रायपुर, 4 जून।** ग्राम परसदा आमदी रोड में तीन युवकों ने एक युवक से लूटपाट कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हेमलाल साहू 38 वर्ष ग्राम भुरकोनी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक में कहीं जा रहा था, तभी अज्ञात आरोपियों ने रास्ता रोककर नकदी 3 हजार रुपए लूट लिए। जब प्रार्थी का भाई लूटपाट करने वाले गांव में जाकर पता किया तो आरोपी हितेश ध्रुव व अन्य 2 लोगों ने हमें बदनाम कर रहे हो कहते हुए प्रार्थी के भाई से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### मुनाफा कमाने का झांसा देकर 10 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर, 4 जून।** शेयर मार्केट में मुनाफा कमाने का झांसा देकर 10 लाख 40 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हितेन्द्र पटेल 37 वर्ष श्रीनगर एलआईसी ऑफिस के पास खमतराई का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसके पास अज्ञात मोबाइल नंबर क्रमांक 74780-52023 से कॉल आया। अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थी को शेय मार्केट में ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर लिंक भेजकर अलग-अलग खाते में 10 लाख 40 हजार रुपए जमा करवा लिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

### अलग-अलग क्षेत्र से दो एक्टिवा वाहन पार

**रायपुर, 4 जून।** डीडीनगर और गोलबाजार थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो एक्टिवा वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार अमलीडीह न्यू राजेन्द्र नगर निवासी अक्षय द्विवेदी 25 वर्ष ने डीडीनगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एमएल 8671 को अग्रोहा कालोनी के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं लक्ष्मण नगर गुढ़ियारी निवासी गुलाब जंघेल 45 वर्ष ने गोलबाजार थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एलक्यू 0184 को रवि भवन के पार्किंग के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### गांजा के साथ दो युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायपुर, 4 जून।** गंज पुलिस ने एक्सप्रेस वे रोड पुराना शराब दुकान के पास गांजा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 4 किलो 50 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक्सप्रेस वे रोड पुराना शराब दुकान के पास गांजा खपाने पहुंचे आरोपी सतीश पांडे 36 वर्ष और मुकेश हिरवानी 18 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 4 किलो 50 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# युक्तियुक्तकरण : 16 जिलों में काउंसिलिंग पूरी, 4456 शिक्षकों को नई पदस्थापना

**रायपुर, 4 जून।** छत्तीसगढ़ सरकार ने शिक्षकों और स्कूलों के तर्कसंगत समायोजन की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। राज्य शासन के निर्देश पर 16 जिलों के 4456 अतिशेष सहायक शिक्षक, प्रधान पाठक और व्याख्याताओं की काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इन सभी शिक्षकों को वरिष्ठता और प्राथमिकता के आधार पर नवीन पदस्थापना दी गई है।

**काउंसिलिंग पूरी होने वाले जिले:** कोरबा, सुकमा, महासमुंद, गरियाबंद, बलौदाबाजार, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, सक्ती, जशपुर, मुंगेली, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद, बीजापुर और सूरजपुर जैसे जिलों में प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। शेष जिलों में यह कार्य जारी है।

**स्कूलों का समायोजन, पढ़ाई नहीं होगी प्रभावित:** राज्य के कुल 10,463 स्कूलों में से सिर्फ 166 स्कूलों को समायोजित किया जाएगा, जिनमें 133 ग्रामीण और 33 शहरी स्कूल शामिल हैं। ग्रामीण इलाकों के स्कूलों में छात्रों की संख्या 10 से कम है और पास में ही अन्य स्कूल मौजूद हैं। शहरी स्कूलों में यह संख्या 30 से कम है और 500 मीटर की दूरी में अन्य विकल्प उपलब्ध हैं। सरकार का कहना है कि इससे छात्रों की पढ़ाई पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

**बेहतर शिक्षा के लिए ठोस प्रयास:** इस समायोजन का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है। नए समायोजन से छात्रों को विषय विशेषज्ञ शिक्षक मिलेंगे, संसाधनों जैसे लाइब्रेरी, कंप्यूटर और विज्ञान प्रयोगशाला तक आसान पहुंच होगी। शिक्षक भी अपनी क्षमता के अनुसार अधिक छात्रों को पढ़ा सकेंगे।

**शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण**

### शिक्षा को लेकर सरकार की मंशा स्पष्ट

राज्य सरकार का मानना है कि शिक्षकों की तैनाती केवल संख्या के आधार पर नहीं, बल्कि आवश्यकता के अनुसार होनी चाहिए। यह कदम शिक्षा व्यवस्था में केवल प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि भविष्य की नींव को मजबूत करने की दिशा में एक ठोस पहल है। बच्चों को अब मिलेगा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का माहौल, जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर नए आयाम तक पहुंचेगा।

### युक्तियुक्तकरण के कारण हजारों स्कूलों पर लगेगा ताला, कांग्रेस करेगी प्रदेशव्यापी शिक्षा न्याय आंदोलन

**रायपुर, 4 जून।** छत्तीसगढ़ में युक्तियुक्तकरण के नाम पर 10 हजार 463 स्कूलों को बंद करने के विरोध में कांग्रेस प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने चार चरणों में आंदोलन की घोषणा की है।

**चार चरणों में आंदोलन :**

**पहले चरण** - 5, 6 एवं 7 जून 2025 को जिला स्तरीय पत्रकार वार्ता आयोजित होगा. जिसमें वरिष्ठ नेतागण मीडिया के माध्यम से इसका विरोध करेंगे। दूसरा चरण- 9, 10 एवं 11 जून को ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कार्यालय का घेराव किया जाएगा.

**तीसरा चरण**-16 से 25 जून 2025 तक 3 से 5 किलोमीटर की जिला स्तरीय शिक्षा न्याय यात्रा निकालकर जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

**चौथा चरण**-1 से 10 जुलाई 2025 तक प्रत्येक ब्लॉक में 5 से 10 बंद स्कूलों में पालकों, विधायकों के साथ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

**कांग्रेस का आरोप:** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, राज्य की भाजपा सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में नये सेटअप के नाम पर किए जा रहे युक्तियुक्तकरण से 10463 स्कूल सीधे तौर पर बंद कर दिए जाएंगे। जिससे प्रदेश में लगभग 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जायेंगे। शिक्षकों के साथ-साथ स्कूल में कार्यरत रसोईयों, भृत्य, स्वीपर महिला समूहों के रोजगार पर प्रभाव पड़ेगा. रोजगार के रास्ते बंद हो जायेंगे। राज्य के इस रोजगार विरोधी नीति के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कमेटी शिक्षा न्याय आंदोलन किया जा रहा हैं।

राहुल गांधी के 'लंगड़े घोड़े' पर मचा सियासी घमासान

# अजय चंद्राकर ने कहा, छग के कांग्रेस नेता बीमार घोड़े



**दीपक बैज ने कहा- बीजेपी के सभी नेता गधे**

**रायपुर, 4 जून।** राहुल गांधी के लंगड़े घोड़े वाले बयान पर सियासी वार-पलटवार होने लगे हैं. विधायक अजय चंद्राकर ने राजनीति में राहुल गांधी के प्रदर्शन को लगड़े घोड़े जैसा बताया. वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इसके जवाब में भाजपा के तमाम नेताओं को गधा बता दिया.

राजनीति का स्तर दिन-प्रतिदिन गिरते जा रहा है, इसकी बानगी राहुल गांधी के बारात वाले घोड़े, रेस वाले घोड़े और फिर लंगड़े घोड़े वाले बयान पर प्रदेश के कांग्रेस और भाजपा नेताओं के आ रहे बयानों से देखने को मिल रही है. भाजपा के तेज तर्रार नेता और विधायक अजय चंद्राकर ने बयान के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए राहुल गांधी के राजनीति में प्रदर्शन को लंगड़े घोड़े जैसा बताया, वहीं छत्तीसगढ़ के तमाम कांग्रेसी नेताओं को बीमार घोड़ा बता दिया, जिन्हें अंबानी के जानवरों की देखभाल की सुविधा वाले वनतारा में रखने लायक करार दिया.

इधर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने गड़े घोड़े वाले राहुल गांधी के बयान पर लगातार भाजपा नेताओं के आ रहे बयान पर कांग्रेस के नेताओं को रेस वाला घोड़ा बताते हुए बीजेपी के तमाम नेताओं को गधा करार दिया. आने वाले समय में 'लंगड़े घोड़े' पर और भी नेताओं के बयान आने के आसार नजर आ रहे हैं.

### युक्तियुक्तकरण के विरोध में शिक्षक संघ जाएगा हाईकोर्ट की शरण में

**रायपुर, 4 जून।** तृतीय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह राजपूत ने बताया कि इस समय विभिन्न जिलों में युक्तियुक्तकरण के आदेशों में व्यापक त्रुटियों होने की शिकायत मिली है। इन आदेशों को चुनौती देने के लिए हम हाईकोर्ट के शरण में जाएंगे।

संघ के अध्यक्ष के अनुसार राज्य में युक्तियुक्तकरण के विरोध में संगठनों द्वारा धरना एवं प्रदर्शन किया गया था। शिक्षक साझा मंच के बैनर तले राजधानी में भी विरोध प्रदर्शन किया गया था। नियमानुसार सेटअप का पालन नहीं किया जा रहा है। शिक्षकों से बिना पूछे उन्हें अनेक स्थानों पर भेजा जा रहा है। संगठन इसका विरोध कर रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युक्तियुक्तकरण के नाम से शिक्षा के अधिकार से छेड़छाड़ कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्राधानाचार्य का पद समाप्त किया जा रहा है। इसके विरोध में भी हाईकोर्ट में एक याचिका लगाई गई है।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजपूत ने बताया कि 8 जून तक युक्तियुक्तकरण का आदेश जारी कर दिया जाएगा। इसके पश्चात जो शिकायतें प्राप्त होगी उसके आधार पर हम कोर्ट में जाएगें। इधर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने भी शिक्षक संगठनों के हड़ताल का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि युक्तियुक्तकरण के नाम पर शिक्षा के अधिकार से छेड़छाड़ किया जा रहा है। स्वीकृत पद समाप्त किया जा रहा है।

# मुंशी से रात के अंधेरे में 8.75 लाख की लूट, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 4 जून।** गुढियारी थाना क्षेत्र के नया तालाब इलाके में बीती रात लूट की वारदात हुई. तेलघानी नाका स्थित तनिष्क एंटरप्राइजेज में मुंशी से बदमाश 8 लाख 75 हजार 800 की नगदी लूटकर फरार हो गए. मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटी गई पूरी रकम के साथ स्कूटी और हथियार बरामद किया है. प्रार्थी सूरज साहू ने पुलिस को बताया कि वह उक्त रकम अपने इलेक्ट्रिक स्कूटी की डिक्की में रखकर कार्यालय से सेठ के घर (नया तालाब, गुढियारी) जा रहा था. इसी दौरान नया तालाब के पास स्कार्फ से मुंह ढंके हुए दो अज्ञात युवकों ने उसे ओवरटेक कर स्कूटी रोक ली. बदमाशों ने चाकू दिखाकर उसे धक्का देकर गिरा दिया और स्कूटी सहित



डिक्की में रखे पूरे रुपये लेकर फरार हो गए. घटना की सूचना मिलते ही गुढियारी थाना और क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल कार्रवाई शुरू की. त्वरित जांच व सटीक सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. आरोपियों के कब्जे से लूटी गई पूरी नगदी, स्कूटी और हथियार बरामद कर लिए गए हैं. पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर उनके पीछे किसी संगठित गिरोह के हाथ होने की पतासाजी कर रही है.

# टमाटर हुआ लाल, सब्जियों की कीमत छूने लगी आसमान

**रायपुर, 4 जून।** प्रदेश के कई हिस्सों में लगातार प्री मानसून की गतिविधियां शुरू हो गई और कई जगहों पर बारिश भी हुई राजधानी रायपुर समेत प्रदेश की कई बड़ी सब्जी मंडियों में अब लोकल टमाटर का आवक कम हो गई है. प्रदेश में अब बैंगलोर से टमाटर आ रहे है. स्थानीय बाड़ियों से टमाटर नहीं आने से कीमत में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है. मंगलवार को थोक सब्जी मंडी में 350 से 400 रुपए प्रति कैरेट टमाटर बिका है. 10 दिन पहले टमाटर 100 रुपए प्रति कैरेट बिका था. कुछ ही दिनों में ही टमाटर एकदम लाल हो गया है. बेमौसम बारिश होने के कारण टमाटर के दाम में लगभग 200 रुपए का उछाल आया है. आने वाले समय में टमाटर और अन्य सब्जियों की कीमत में भारी बढ़ोतरी हो सकती है.

प्रदेश में बेमौसम बारिश होने से टमाटर ही नहीं, बल्कि सभी सब्जियों के भाव बढ़ गए हैं. बताया जा रहा है कि बारिश के चलते स्थानीय फसल बर्बाद हो



गई है. अब लोकल सब्जियों की आवक मंडी में कम हो गई है. विक्रेताओं का कहना है कि अब सब्जी महंगी हो जाएगी. 10 दिनों में टमाटर के भाव थोक में चार गुने हो गए हैं. वहीं अन्य सब्जियों के भाव में भी जोरदार उछाल आया है.

# हिस्ट्रीशीटर रोहित तोमर के घर क्राइम ब्रांच का छापा: लाखों कैश, हथियार और गाड़ियां जब्त, आरोपी फरार

**रायपुर, 4 जून।** राजधानी रायपुर में एक प्रॉपर्टी डीलर से मारपीट के मामले में 25 सदस्यीय क्राइम ब्रांच की टीम ने हिस्ट्रीशीटर रोहित तोमर के घर पर छापा मारा है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने लाखों रुपये नकद, सोना, एक पिस्टल, कारतूस और जमीन से जुड़े कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं। इसके अलावा, रोहित तोमर की थार और बीएमडब्ल्यू कार भी जब्त की गई है। हालांकि, घटना के बाद से मुख्य आरोपी रोहित तोमर और उसका भाई वीरेंद्र तोमर अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं।

यह कार्रवाई तब की गई जब पीड़ित दशमीत चावला उर्फ निक्की ने तेलीबांधा थाने में रोहित तोमर के खिलाफ जानलेवा हमला, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने कोर्ट से सर्च वारंट प्राप्त करने के बाद यह दबिश दी, जो 15 घंटे तक चली। इस दौरान डिजिटल साक्ष्य भी जब्त किए गए हैं। पीड़ित दशमीत चावला ने अपनी शिकायत में बताया कि 31 मई की रात वह अपने दोस्त हरीश बेलानी के साथ वीआईपी रोड स्थित LOD रेस्टोरेंट में खाना खाने गए थे। रात करीब 12:15 बजे जब वे बाहर निकल रहे थे, तभी रोहित तोमर ने पुरानी रंजिश के चलते उन्हें गालियां देना शुरू कर दिया। जब दशमीत ने इसका विरोध किया, तो रोहित ने उनके साथ धक्का-मुक्की और मारपीट शुरू कर दी।

दशमीत के अनुसार, रोहित तोमर ने पास पड़े एक डंडे से उन पर हमला करने की कोशिश की, लेकिन रेस्टोरेंट के बाउंसरों ने बीच-बचाव करते हुए डंडा छीन लिया। इसके बावजूद, रोहित के साथ मौजूद उसके प्राइवेट बाउंसरों ने दशमीत को पकड़ लिया और रोहित ने उन पर हमला किया, जिससे उनके चेहरे और कंधे पर चोटें आईं। जब दशमीत ने अपने बड़े भाई दलजीत चावला को फोन पर घटना की जानकारी दी, तो रोहित तोमर ने उन्हें भी मोबाइल पर अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी।

वर्तमान में, पुलिस रोहित और वीरेंद्र तोमर के ठिकानों का पता लगाने के लिए उनके परिवार के सदस्यों को पूछताछ के लिए थाने ले गई है। तेलीबांधा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

छत्तीसगढ़ में बदला मौसम का मिजाज

# रायपुर समेत कई जिलों में बारिश के आसार

**रायपुर, 4 जून।** भीषण गर्मी से झुलस रहे छत्तीसगढ़वासियों के लिए राहत की खबर है। मंगलवार देर रात से मौसम ने करवट ली और बुधवार सुबह से ही राजधानी रायपुर समेत कई जिलों में बादल छाए रहे। मौसम विभाग के अनुसार आज दिनभर रुक-रुक कर बारिश हो सकती है, जिससे तापमान में गिरावट और गर्मी से राहत मिलेगी।

**तेज हवाओं और बारिश की चेतावनी :** मौसम विभाग ने रायपुर, भिलाई, दुर्ग, बलौदाबाजार, कांकेर, सरगुजा, राजनांदगांव और बालोद सहित कई जिलों में तेज हवा और आंधी के साथ बारिश की संभावना जताई है। लगातार दो दिनों की गर्मी के बाद रात को मौसम में बदलाव आने से लोगों को कुछ राहत मिली और अब दिन में बारिश होने की उम्मीद से आमजन ने राहत



की सांस ली है।

**जून में कम होगी बारिश की गतिविधि :** मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि जून में औसत से थोड़ी कम बारिश हो सकती है, लेकिन अभी अगले कुछ दिन मौसम में हलचल बनी रहेगी। बदलते मौसम के साथ बिजली गिरने और तेज हवा का खतरा भी बना हुआ है, इसलिए नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

**बारिश से गिर सकता है तापमान:** राज्य में कई जगहों पर पारा 43 डिग्री के पार जा चुका था, लेकिन बारिश से तापमान में 4 से 5 डिग्री की गिरावट आ सकती है। इससे दिन और रात दोनों समय की गर्मी से बड़ी राहत मिलेगी। मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि बारिश और आंधी के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहें और अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें।

### उत्तरी छत्तीसगढ़ में हल्की वर्षा होने की संभावना

अरब सागर से मानसून की हवाएं कमजोर होने के कारण वर्षा की गतिविधियां कमजोर हो गई है। राजधानी रायपुर सहित मध्य क्षेत्र में इस समय तेज धूप एवं उमस के कारण लोग परेशान है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डा. चन्द्रा के अनुसार अभि फिलहाल तीन-चार दिन तक मानूसन की हवाएं नहीं आएंगी, जिसके कारण मौसम की गतिविधियां प्रभावित हो रही है। राजधानी रायपुर में उमस भरी गर्मी से लोग परेशान है, ग्रामीण क्षेत्रों में मानसून के आने पर ग्रामीण खाद और बीज का संग्रहण कर रहे हैं। कई स्थानों पर खाद का भी उठाव हो रहा है। डीएपी नहीं मिल रहा है। इस लिए कृषि विभाग ने वैकल्पिक खाद के रूप में ग्रोमोर का उपयोग करने की सलाह दी है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून को राजधानी में होंगे विविध आयोजन

**रायपुर, 4 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी पांच जून को विविध स्वयंसेवी संगठनों द्वारा वृक्षारोपण अभियान के तहत राजधानी के आसपास के क्षेत्रों में हजारों की संख्या में पौधों का रोपण होगा। राजधानी की ग्रीन आर्मी भावसार फाउंडेशन पहल समर्थ एवं अर्पण स्वयंसेवी संगठनों द्वारा अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से वृक्षारोपण किया जाएगा। वहीं छग शासन के वन विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में आम लोगों को वृक्षारोपण अभियान के तहत प्रेरित करने बाबत जागरूकता दौड़ का आयोजन किया गया है। इस संबंध में अविभाजित मप्र के सिंचाई विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता हरीशचंद्र शुक्ला से श्रीराम नगर स्थित निवास में आरएनएस प्रतिनिधि को बताया कि जनवायु परिवर्तन का असर न केवल छग अपितु पूरी दुनिया में पड़ रहा है।

# मुख्यमंत्री से भारतीय प्रशासनिक सेवा 2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर, 4 जून।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से आज नवा रायपुर के मंत्रालय महानदी भवन में भारतीय प्रशासनिक सेवा 2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय को अपर मुख्य सचिव तथा छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी निमोरा के महानिदेशक श्री सुब्रत साहू ने बताया कि भारतीय प्रशासनिक सेवा 2024 के पाँच अधिकारियों–श्री फड़तरे अनिकेत अशोक, श्री अरविंद कुमारन टी., श्री अक्षय डोसी, श्री क्षितिज गुरभेले और श्री विपिन दुबे को छत्तीसगढ़ कैडर मिला है। छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी निमोरा में इन अधिकारियों को 28 अप्रैल से 20 जून तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके पश्चात इनकी पदस्थापना सहायक कलेक्टर के पद पर जशपुर, बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा



और बस्तर जिलों में की जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रशिक्षु अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं और उनसे प्रशिक्षण तथा छत्तीसगढ़ के अनुभवों के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि आप ऐसे समय में छत्तीसगढ़ में अपने करियर की शुरुआत कर रहे हैं, जब यहाँ बहुत सकारात्मक परिवर्तन हो रहे हैं। पिछले डेढ़ साल में छत्तीसगढ़ में हर क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य हुआ है। खासकर, छत्तीसगढ़ की नक्सल-प्रभावित राज्य की छवि अब बदल रही है। जल्द ही छत्तीसगढ़ नक्सलमुक्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में सुशासन तिहार सम्पन्न हुआ है। इसके तीसरे चरण में हमने पूरे प्रदेश का दौरा करके जनता से फीडबैक लिया और उनकी समस्याओं का निराकरण किया। मुख्यमंत्री को प्रशिक्षु अधिकारियों ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान उन्हें भी समाधान शिविर में जाने का अवसर मिला। प्रशिक्षण संचालक श्रीमती सीमा सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को छत्तीसगढ़ की प्रशासनिक संरचना, नियम-कायदे और प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26